बुधवार, 30 अप्रैल 2025

मौसम

तापमान 32 – 23
आर्द्रता 74%
सूर्योदय: 5:05 सूर्यास्त: 18:03

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, चार और पांच पर

कोलकाता, वैशाख शुक्लपक्ष तृतीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : कर्म परिस्थिति से लड़ना सिखाता है और अनुभव जीत हासिल करना।







## जम्मू-कश्मीर विधानसभा की सार्थक पहल

ऐसे वक्त में जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरा देश दुख और गुस्से की मन:स्थिति से गुजर रहा है, जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने शांति और सांप्रदायिक सद्भाव का एक सशक्त संदेश दिया है। जो कि वक्त की जरूरत भी थी। जम्मू-कश्मीर विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान सदन ने सर्वसम्मति से इस वीभत्स हत्याकांड की पुरजोर निंदा करते हुए बाकायदा एक प्रस्ताव पारित किया। जिस आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया, लोगों को आक्रोशित तथा दुखी किया, उसके खिलाफ जम्मू-कश्मीर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाना व निंदा प्रस्ताव पारित करना निश्चित रूप से देश के जख्मों पर मरहम लगाने जैसा ही है। निश्चय ही यह संदेश देश की गंगा-जमुनी संस्कृति के अनुरूप ही है। निर्विवाद रूप से आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता है, लेकिन हर धर्म के व्यक्ति को खुले मन से आतंकियों की निंदा करनी चाहिए। यह विडंबना ही है कि यह भयावह घटना राज्य से केंद्रशासित बने जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण और सक्रिय भागीदारी वाले विधानसभा चुनावों के बाद उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के छह माह बाद हुई। ऐसे में मुख्यमंत्री के लिये सबसे बड़ी चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि संवेदनशील केंद्र शासित प्रदेश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के पुनरुद्धार से होने वाले लाभ यूं ही व्यर्थ न चले जाएं। यह सकारात्मक संदेश ही है कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने आतंक को सिरे से खारिज किया है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला नरसंहार के बाद घाटी के लोगों के दिलों से सीधे निकल रहे आक्रोश और दुख को कश्मीर के लिये एक उम्मीद की किरण के रूप में देखते हैं। जो पाक पोषित आतंकवाद को नकारने जैसा ही है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा में कहा भी कि इस केंद्रशासित प्रदेश की हर मस्जिद में पहलगाम हमले में मारे लोगों की याद में मौन रखा गया। जो यह बताता है कि धर्म-संप्रदाय से परे लोग पूरे देश की संवेदनाओं को महसूस करते हैं। साथ ही आतंकवाद को सिरे से खारिज भी करते हैं।

निश्चित रूप से इस नये कश्मीर से आया यह संकेत दिल को छूने वाला है। जो यह भी बताता है कि अभी भी सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। निश्चित रूप से राष्ट्रीय एकता, करुणा और लचीलेपन की यह भावना स्वागत योग्य है। साथ ही यह भी उम्मीद जगी है कि यह नई सोच विघटनकारी ताकतों का मुकाबला कर सकती है। उन अलगाववादियों का जो विकासशील जम्मू-कश्मीर को फिर से 1990 के दशक की शुरुआत के बुरे दौर में धकेलना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री होने के नाते उमर अब्दुल्ला ने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया किया है कि वे राज्य में आये पर्यटकों को सुरक्षित घर वापस भेजने की अपनी जिम्मेदारी में विफल रहे हैं। उन्होंने उन कयासों को खारिज किया कि त्रासदी का उपयोग राजनीतिक लाभ हेतु राज्य का दर्जा पाने के लिये किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक आतंकवाद अपना भयानक रूप दिखाता रहेगा, तब तक जम्मू-कश्मीर का केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा समाप्त नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि आतंक के खिलाफ लड़ाई में कश्मीरियों और उनके निर्वाचित प्रतिनिधियों की पूरी तरह से भागीदारी जमीन पर एक स्पष्ट अंतर ला सकती है। हालांकि, बहुत कुछ केंद्र सरकार और विभिन्न राज्यों द्वारा संकटग्रस्त केंद्रशासित प्रदेश को दिए जाने वाले समर्थन पर निर्भर करेगा। निस्संदेह, आतंकवाद के इस विनाशकारी आघात के बाद जम्मू-कश्मीर को संभालने में मदद करना राष्ट्रीय प्राथमिकता बननी चाहिए। निश्चित रूप से जम्मू-कश्मीर विधानसभा से आया यह रचनात्मक संदेश देश की एकता व अखंडता के लिये सुखद ही है। देश में आतंकवाद की इस घटना के बाद जैसे नकारात्मक प्रतिक्रिया देने की कोशिशें की जाती रही है, उसको यह सार्थक जवाब है। जो वक्त की मांग भी थी। घाटी से संदेश आया है कि यहां लोग देश की संवेदना से उसी तरह के सरोकार रखते हैं, जैसा कि अन्य राज्यों के लोग रखते हैं। यह भी कि आतंकवाद किसी भी धर्म का हिस्सा नहीं होना चाहिए। मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। जिसकी रक्षा करना हरेक नागरिक का दायित्व है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 30 अप्रैल, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, वैशाख शुक्लपक्ष तृतीया, 14:17 तक, नक्षत्र : रोहिणी, 16:21 तक, योग : शोभना, 12:03 तक, सूर्योदय: 5:05, सूर्यास्त: 18:03, चन्द्रोदय :06:53, चन्द्रास्त: 21:08, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 11:33 से 13:10

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए करियर के मामले में दिन लाभ से भरा होगा और आपको हर प्रकार का सहयोग परिवार के लोगों से मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों के लिए दिन करियर के मामले में लाभ से भरा होगा और आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफलता के साथ पूर्ण होंगी। राजनीति में किए गए प्रयास सफल होंगे।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों को लाभ होने की उम्मीद है और आपको हर कार्य समय से पूरा करने पर फोकस करना चाहिए। सावधानी से कार्य करें और अपने काम पर फोकस करें।

**कर्क :** कर्क राशि वालों को धन के मामले में लाभ होगा और आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। आपके कामकाज में तरक्की होगी और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों को करियर में लाभ होगा और आपके लिए आय के नए स्रोत बनेंगे। आपकी मीठी वाणी से आपको सम्मान मिलेगा और शिक्षा के मामले में आपको विशेष सफलता मिलेगी।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों का दिन शुभ है और आपको धन के मामले में लाभ होने के योग हैं। व्यापार में सफलता मिलेगी और आपको संतान की ओर से काफी सुखद समाचार मिलेगा।

**तुला :** तुला राशि वालों का दिन लाभ और तरक्की से भरा होगा और आपके लिए कार्यक्षेत्र में काफी सुखद वातावरण रहेगा। परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी और आपको धन लाभ होगा।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन लाभ व तरक्की से भरा होगा। आपकी योजनाएं सफल होंगी और धन के निवेश में लाभ होगा।

**धनु :** धनु राशि वालों को लाभ होगा और कुछ लोग आपके काम की तारीफ भी करेंगे। आपके सम्मान में वृद्धि के योग हैं और आपको प्रशंसा प्राप्त होगी। आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर :** मकर राशि के लोगों के लिए अनुकूल है और आपको धन से जुड़े मामलों में लाभ होगा। आपके लिए आर्थिक मामलों में सफलता के योग बने हैं। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों के लिए करियर के मामले में दिन परेशानियों भरा हो सकता है। बिना वजह विवाद और शत्रुता हो सकती है। आपके लिए तरक्की के योग बने हैं।

**मीन :** मीन राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए कहीं से काम की कोई जानकारी आ सकती है। जीवन में कई दिनों से चला आ रहा कुछ समस्याएं काफी कम होंगी।

# शिक्षक भर्ती घोटाला : सुजय कृष्ण भद्र को बिचौलिए से मिले 75 करोड़ रुपये, सीबीआइ ने कोर्ट को बताया

### बिचौलिया अरूण हाजरा उर्फ 'चिनु' कोर्ट में हुआ पेश




**कोलकाता, समाज्ञा :** प्राइमरी शिक्षक भर्ती घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की चार्जशीट में नामजद भारतीय जनता पार्टी के नेता अरुण हाज़रा उर्फ 'चिनु' मंगलवार को अदालत में पेश हुए। आरोप है कि उन्होंने 'कालीघाट के काकू' के नाम से चर्चित सुजयकृष्ण भद्र को नौकरी बेचने के एवज में करोड़ों रुपये सौंपे थे। सीबीआई ने अपनी अंतिम चार्जशीट में दावा किया है कि चिनु राज्य के विभिन्न जिलों में एजेंटों के जरिए प्राइमरी और एसएससी उम्मीदवारों से पैसे इकट्ठा करते थे। ये एजेंट चिनु के लिए काम करते थे और एकत्र की गई भारी-भरकम राशि अंततः सुजयकृष्ण भद्र को सौंपी जाती थी। जांच एजेंसी ने चार्जशीट में यह भी उल्लेख किया है कि चिनु ने कथित तौर पर कुल 78 करोड़ से अधिक की रकम जुटाई थी। मंगलवार को चिनु ने कोलकाता के सिटी सेशन कोर्ट में पेश होकर सीबीआई अदालत के समक्ष हाजिरी दी। अदालत ने सीबीआई से स्पष्ट किया कि चिनु के विरुद्ध किस प्रकार के आरोप हैं। सीबीआई के वकील ने अदालत को बताया कि चिनु इस घोटाले में एक 'मध्यस्थ' की भूमिका में थे और उन्होंने नौकरी दिलाने के नाम पर बड़ी रकम वसूली थी। हालांकि, चिनु के वकील ने अदालत को बताया कि उनके मुवक्किल गंभीर रूप से बीमार हैं और चिकित्सकीय निगरानी में हैं। बता दें कि इससे पहले पिछले सप्ताह भी उन्हें पेश होना था, लेकिन बीमारी के कारण वह अदालत में उपस्थित नहीं हो सके थे। अदालत ने उस सुनवाई में उन्हें 29 अप्रैल को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया था। उल्लेखनीय है कि इस मामले में चिनु की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि सीबीआई के अनुसार, वही विभिन्न जिलों में नेटवर्क बनाकर बड़े पैमाने पर पैसे इकट्ठा कर रहे थे और सीधे सुजयकृष्ण भद्र तक उसे पहुंचा रहे थे। अदालत ने अब मामले से जुड़ी केस डायरी और जांच अधिकारी की उपस्थिति भी मांगी है।

## केंद्रीय गृह सचिव सीमा सुरक्षा की समीक्षा के लिए बंगाल का करेंगे दौरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पहलगाम घटना के मद्देनजर बंगाल की सीमा सुरक्षा की समीक्षा करने के लिए केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन राज्य में आ रहे हैं। राज्य के दौरे में बीएसएफ महानिदेशक के भी उनके साथ रहने की उम्मीद है। इस दौरान, वे राज्य प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। सूत्रों के अनुसार, बैठक में बीएसएफ, सहायक खुफिया शाखा, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, एनआईए समेत कई एजेंसियों के अधिकारियों को भी शामिल होने के लिए कहा गया है। बताया जा रहा है कि यह बैठक 28 अप्रैल को होने वाली थी। लेकिन विशेष कारणों से बैठक को 2 मई तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। माना जा रहा है कि उस बैठक में सीमा सुरक्षा को लेकर कई कदम उठाए जाएंगे।

## भूमि विभाग के और 190 अधिकारियों का तबादला

❑ पिछले एक वर्ष में एक हजार से अधिक अधिकारियों का हो चुका है स्थानांतरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** ममता सरकार ने भूमि विभाग के और 190 अधिकारियों तबादला कर दिया। तबादला सूची में ब्लॉक भूमि एवं राजस्व अधिकारी (बीएलएलआरओ), विशेष राजस्व अधिकारी-2, संयुक्त निदेशक, सहायक निदेशक और उप निदेशक के पदों पर आसीन कई महत्वपूर्ण अधिकारी शामिल हैं। कई भूमि अधिग्रहण अधिकारियों का भी तबादला किया गया है। इस अचानक फेरबदल से प्रशासनिक हलकों में अटकलें तेज हो गई हैं। बता दें कि ममता सरकार ने पिछले एक वर्ष में भूमि विभाग के लगभग 1,000 अधिकारियों का स्थानांतरण किया है। कुछ महीने पहले करीब 800 राजस्व अधिकारियों, संयुक्त निदेशकों और अन्य अधिकारियों के तबादले आदेश जारी किए गए थे। इस बार भी इसी तरह 190 और अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। नवान्न सूत्रों के अनुसार, इस स्थानांतरण निर्णय के पीछे कई प्रशासनिक कारण हैं। हालांकि, राज्य प्रशासन के एक अधिकारी का कहना है कि दंडात्मक तौर पर कई अधिकारियों को दूरदराज के इलाकों में भेजा गया है। कुछ स्थानों पर प्रशासनिक दक्षता में सुधार लाने तथा कार्य में तेजी लाने के लिए अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। कुछ ब्लॉकों में अतिरिक्त अधिकारियों की आवश्यकता थी, हालांकि स्टाफ कम है। इस स्थानांतरण से कई जिलों में रिक्त पदों को भरना संभव हो गया है। कुछ ब्लॉकों में तो जरूरत से ज्यादा अधिकारी काम कर रहे थे। कई अधिकारी तीन साल से भी ज्यादा समय से एक ही जगह पर तैनात थे। इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य कारणों से आवश्यकतानुसार कई अधिकारियों को अन्य स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है।

## राज्यपाल ने 2022 और 2023 में पारित तीन विधेयकों को दी मंजूरी

❑ नगर एवं ग्रामीण संशोधन विधेयक, भूमि सुधार एवं किरायेदारी न्यायाधिकरण संशोधन विधेयक और कराधान संशोधन विधेयक को मिली मंजूरी



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने मंगलवार को साल 2022 और 2023 में राज्य विधानसभा से पारित तीन विधेयकों को अपनी मंजूरी दे दी। राजभवन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल ने तीन विधेयकों - पश्चिम बंगाल नगर एवं ग्रामीण (योजना एवं विकास) (संशोधन) विधेयक, 2023, पश्चिम बंगाल भूमि सुधार एवं किरायेदारी न्यायाधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2022 और पश्चिम बंगाल कराधान न्यायाधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2022 को मंजूरी दे दी है। यह कदम सुप्रीम कोर्ट द्वारा सभी राज्यपालों को राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई करने के लिए एक महीने की समयसीमा तय करने के कुछ दिनों बाद आया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 2023 में राजभवन को सूचित किया गया था कि राज्यपाल के पास 22 विधेयक कथित तौर पर लंबित हैं। राजभवन ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि राज्यपाल ने मामले का आकलन किया था। राज्यपाल ने इनमें से पांच विधेयकों को पहले ही अपनी मंजूरी दे दी थी, जबकि दो राज्य सरकार के पास सूचना के अभाव में लंबित हैं। राजभवन ने नौ अप्रैल को कहा था कि राज्यपाल ने 2024 और 2025 के दौरान राष्ट्रपति के विचार के लिए 11 विधेयकों को भेजा है। इनमें से दस विधेयक राज्य विश्वविद्यालयों से संबंधित संबंधित हैं और एक अपराजिता महिला और बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक, 2024 था, जिसे राष्ट्रपति के विचार के लिए भेजा गया था।

## सुंदरबन में प्रबल तूफान में नाव डूबने से दो भाई लापता, तलाश जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** सुंदरबन के मातला नदी में सोमवार शाम को आए प्रबल तूफान और मूसलधार बारिश के कारण एक नाव डूब गई। जिसमें सवार दो भाई लापता हो गए हैं। लापता दोनों भाइयों की तलाश के लिए नदी में गोताखोरों को उतारकर व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार रात राज्यभर में तेज बारिश और तूफान ने कहर मचाया। इस दौरान दोनों भाई एमवी सरदा नामक नाव से पर्यटकों को लेकर सोन-खाली जा रहे थे। यात्रियों को उतारने के बाद जब वे वापस लौट रहे थे, तभी अचानक तूफान आ गया। अमावस्या की रात में समुद्र की लहरों और घने अंधेरे के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई। पुरंदर के पास तीन नदियों के मिलन स्थल पर तेज बहाव के चलते नाव पलट गई और दोनों युवक पानी में गिर गए। खबर मिलते ही रात में ही तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया था, लेकिन उसमें कोई सफलता नहीं मिली। मंगलवार सुबह से बचाव कार्य फिर से शुरू किया गया और गोताखोर नदी के तल में छानबीन कर रहे हैं। आपदा प्रबंधन टीम ने नाव का स्थान सटीक रूप से पहचान लिया है और अब दूसरी नाव की मदद से उसे निकालने की कोशिश की जा रही है। खबर लिखे जाने तक दोनों भाइयों का कुछ पता नहीं चल पाया है। घटनास्थल पर पुलिस का एक बड़ा दल भी तैनात किया गया है।

## शुभेंदु अधिकारी ने बलिदानी झंटू शेख के स्वजनों से की मुलाकात, दो लाख का चेक भी सौंपा

❑ तृणमूल ने कहा... 'देर से आई सद्बुद्धि'



**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने जम्मू कश्मीर के उधमपुर में हाल में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में बलिदान हुए नदिया जिला निवासी भारतीय सेना में पैरा कमांडो हवलदार झंटू अली शेख के घर मंगलवार को पहुंचकर स्वजनों से मुलाकात की। उन्होंने बलिदानी सैनिक की भी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया। पत्नी को दो लाख रुपये का चेक भी सौंपा। वहीं, शुभेंदु के बलिदानी के घर पहुंचने पर तृणमूल नेताओं ने तंज कसते हुए कहा कि देर से उन्हें सद्बुद्धि आई। दूसरी ओर, शुभेंदु के साथ आए एक भाजपा नेता ने कहा कि हम तृणमूल, कांग्रेस या माकपा को यह स्पष्टीकरण नहीं देंगे कि हम एक बलिदानी सैनिक के घर कब जाएंगे। हमें मुर्शिदाबाद जिले में हिंसा पीड़ित विस्थापित लोगों पर भी ध्यान देना था। क्योंकि इन दलों ने उन लोगों की सुध नहीं ली। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने उन बेघर लोगों की जिम्मेदारी ली है। इसलिए, यह देखना भी उनकी जिम्मेदारी है कि क्या उस जिम्मेदारी का निर्वहन ठीक से हो रहा है। वह उस कार्य को ठीक से पूरा करने के बाद यहां आए हैं। इसका तृणमूल, माकपा या कांग्रेस जैसी संकीर्ण वोट की राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है।

## होटल में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, तीन आरोपी गिरफ्तार

❑ एक फरार अन्य आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के गोलपार्क के एक होटल में नाबालिग छात्रा से उसके ही चार दोस्तों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि चौथे की तलाश जारी है। पीड़िता के परिवार ने सोमवार को रवींद्र सरोवर थाने में शिकायत दर्ज कराई। परिवार का आरोप है कि गत वर्ष 19 दिसंबर को पीड़िता को झांसा देकर लेक मॉल स्थित एक फूड आउटलेट में बुलाया गया था। वहां खाना खिलाने के बाद चारों आरोपी उसे पास के एक गेस्ट हाउस में ले गए, जहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। घटना के बाद आरोपियों ने पीड़िता को धमकी भी दी कि वह इस बारे में किसी को कुछ न बताए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। पीड़िता की मेडिकल जांच कराई गई और उसके बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 61(2), 64(एम), 70(2), 77 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। चूंकि, पीड़िता नाबालिग है, इसलिए मामले में पोक्सो अधिनियम की धाराएं भी जोड़ी गई हैं। इसके बाद, रात भर तलाशी अभियान चलाकर मंगलवार की सुबह तक तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल, तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस हिरासत में लिया गया है। चौथे आरोपी की तलाश के लिए छापेमारी की जा रही है।

## विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, केष्टोपुर से चार लोग गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी वीजा, फर्जी हवाई टिकट और फर्जी रोजगार पत्र उपलब्ध कराने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, यह गिरफ्तारी बागुईआटी थाना अंतर्गत केष्टोपुर से हुई है। अभियुक्तों के नाम राजकुमार राव (31), विवेक कुमार पटेल (37), मोइनुद्दीन शाह (54) और जीत दास (18) है। पहले तीन आरोपी उत्तर प्रदेश का निवासी है, जबकि जीत दास हुगली के श्रीरामपुर का निवासी है। बताया गया है कि उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर के मोहनपुर इलाके का निवासी सब्बीर अली मंडल गत 15 फरवरी को बागुईआटी थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई। उस शिकायत के आधार पर जांच अधिकारियों ने जांच शुरू की। इसके बाद, उन्होंने बागुइहाटी थाना अंतर्गत केष्टोपुर कार्यालय की तलाशी ली और चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों का दावा है कि वे दुबई, सऊदी अरब, कतर, इराक, तुर्की और कुवैत जैसे विभिन्न देशों में वीजा प्राप्त करके विभिन्न लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर भारी मात्रा में धन हड़प रहे थे। उनसे पूछताछ करने पर पता चला कि उन्होंने पहले भी श्रीरामपुर में ऐसा ही एक कार्यालय खोला था और वहां कई लोगों से पैसे हड़पे थे। उन्होंने केष्टोपुर में एक कार्यालय भी खोला। कथित तौर पर, आरोपी वहां एक कार्यालय खोलते थे और विदेश में नौकरी दिलाने के बहाने मूल पासपोर्ट और पैसे ले लेते थे। इसके बजाय, गिरफ्तार किये गये चारों लोगों पर फर्जी वीजा, फर्जी रोजगार पत्र और फर्जी हवाई टिकट का उपयोग करके बड़ी रकम का गबन करने का आरोप लगाया गया।

## बनगांव में तीन महिला समेत चार बांग्लादेशी घुसपैठिएं गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के बनगांव थाना अंतर्गत मोतीगंज इलाके से मंगलवार को चार बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया। इसमें तीन महिलाएं है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चारों लोगों के नाम सुमी मोल्ला, सबीना मोल्ला, अलीफा मोल्ला और बिप्लब मोल्ला हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह में बनगांव के मोतीगंज इलाके में तीनों महिलाओं और एक युवक को संदिग्ध रूप से घूमते देखा गया। स्थानीय लोगों को उन पर संदेह हुआ। सूचना मिलने पर बनगांव थाने की पुलिस वहां गयी। चारों लोगों को हिरासत में लिया गया और उनसे पूछताछ की गई। उनके पास से इस देश का कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला। पता चला है कि चारों लोग सीमा पार कर भारत में घुस आए थे। इसके बाद, उन्हें गिरफ्तार कर बनगांव थाने ले जाया गया। बताया गया है कि इस दिन, सुबह में वे बांग्लादेश से सीमा पार कर इस देश में आये। वे इस देश में काम के लिए आये थे। पुलिस पूछताछ में यह बात सामने आई। क्या इस देश में फर्जी पहचान पत्र बनाने की कोई योजना थी? देश में कहां से वे सीमा पार करना चाहते थे? क्या वे विध्वंसकारी गतिविधियों में शामिल हैं? यह प्रश्न उठ खड़ा हुआ है। गिरफ्तार लोगों को उपजिला न्यायालय में पेश किया गया।

## घुसपैठ की आशंका के बीच सुंदरवन तटीय सीमाओं पर खुफिया निगरानी बढ़ाई गई

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना और उत्तर 24 परगना जिलों के सुंदरवन क्षेत्र में फैली करीब 150 किलोमीटर लंबी तटीय सीमा पर अवैध घुसपैठ की आशंका के मद्देनजर केंद्र और राज्य की खुफिया एजेंसियों ने निगरानी और सख्त कर दिया है। यह कार्रवाई हाल ही में दक्षिण 24 परगना जिले के एक गांव से 24 बांग्लादेशी घुसपैठियों की गिरफ्तारी के बाद शुरू की गई है। गिरफ्तार किए गए लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। खुफिया सूत्रों के मुताबिक, ये सभी भारत-बांग्लादेश सीमा पर सक्रिय एक मानव तस्कर की मदद से भारतीय सीमा में दाखिल हुए थे। बताया जा रहा है कि यही एजेंट आगे भी घुसपैठ कराने की साजिश में लगा है और इसके लिए सुंदरवन के उन तटीय और द्वीपीय रास्तों का इस्तेमाल हो सकता है, जहां सुरक्षा व्यवस्था बेहद कमजोर है।

इसके मद्देनजर खुफिया एजेंसियों ने खासतौर पर उन द्वीपों पर अपनी गतिविधियां बढ़ा दी हैं, जो घुसपैठियों के लिए भारत में दाखिल होने के शुरुआती ठिकाने बन जाते हैं। खासकर, गोसाबा ब्लॉक के 13 द्वीपों को अत्यधिक संवेदनशील माना गया है, जहां सुरक्षा बलों की नियमित मौजूदगी बहुत कम है। ये द्वीप आमतौर पर मछुआरों के अस्थायी पड़ाव स्थल भी रहते हैं, जिससे निगरानी की चुनौतियां और बढ़ जाती हैं। स्थानीय तटीय पुलिस थानों की ओर से भी गश्त को तेज किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, किसी भी संदिग्ध नाव की गहन तलाशी ली जा रही है और उसमें सवार सभी लोगों की पहचान की जांच की जा रही है। मछुआरों को हमेशा पहचान पत्र साथ रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि दस्तावेजों की सत्यता की जांच के लिए भी औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसके अलावा सुंदरवन को कोलकाता से जोड़ने वाले बासंती एक्सप्रेसवे पर भी सुरक्षा चौकियां स्थापित की गई हैं। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और भारतीय तटरक्षक बल ने भी क्षेत्र में अपनी संयुक्त गश्ती को और तेज कर दिया है।

## वर्ग पहेली नं. 3078



*बायें से दायें:-* 2) एक बहुत ऊँचा पेड़ जिसमें शाखाएँ नहीं होतीं, 3) विद्यालय, 6) पृथ्वी, 8) अफ़वाह; बयार, 9) सृष्टि; दृश्य, 10) नोक, 12) जेल में रहने का दंड, 13) विलंब करना; दिन काटना, 15) आमदनी, 16) वार्तालाप, 19) शीर्षक *(लेख का)*, 20) नामांकित करना; मनोनीत, 22) मजाल; हिम्मत, 24) संध्या, 26) टिकाना, 27) निर्बल.

*ऊपर से नीचे:-* 1) पहला; आरंभिक, 2) एक जगप्रसिद्ध विशाल मक़बरा, 3) संपर्क; शीतलता, 4) बहुत बड़ा; राजा, 5) अनाथ; अपालतू, 6) अनु-कूल, 7) पहिया, 11) इंद्र का हाथी, 13) स्थिर; स्थायी, 14) सितम; पीड़ा, 15) बहानेबाज़ी; टालमटोल, 16) सम्राट, 17) एक हिंसक पशु, 18) परिवर्तित, 21) पुरुषीय, 23) अटाला; राशि, 25) राय.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | त्त | ■ | शे | ■ | आ | म | ■ | क़ | ख्वा |
| ज | ■ | च | र | स | ■ | ज़ | ह | री | ■ |
| या | त्रि | क | ■ | ब | द | बू | ■ | ब | स्ता |
| द | ■ | ला | य | क़ | ■ | र | हि | त | ■ |
| श | क | ■ | क़ी | ■ | म | न | ■ | री | ■ |
| मी | न | ■ | न | ग | द | ■ | ख़ा | न | गी |
| ■ | क | मा | न | ■ | द | स्त | क | ■ | त |
| नी | ■ | हि | ■ | अं | गा | र | ■ | ठे | का |
| ति | त | र | बि | त | र | ■ | अ | स | र |

## सुडोकू-पहेली-3035

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | | | 2 | 9 | |
| | | | | | 6 | | | 5 |
| | | | | | | 6 | 4 | |
| | 9 | 6 | | | 1 | | | |
| 1 | 5 | | | | | | 3 | 7 |
| | 8 | | | 4 | | | | |
| | 4 | 8 | | | | 7 | | |
| | | | | | 4 | | | 2 |
| | | 7 | 8 | | | 5 | 6 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3034 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 6 | 3 | 7 |
| 6 | 8 | 2 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 | 5 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 5 | 4 | 6 | 3 | 9 | 8 | 1 | 7 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 2 | 7 | 1 | 8 | 6 | 9 | 5 | 4 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 7 | 4 | 2 | 8 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 9 | 1 |

बुधवार, 30 अप्रैल 2025

www.samagya.in

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

# समाज्ञा

कोलकाता, वैशाख शुक्लपक्ष तृतीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 32 – 23 |
| आर्द्रता | 74% |
| सूर्योदय: 5:05 | सूर्यास्त: 18:03 |

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, चार और पांच पर

सुविचार : कर्म परिस्थिति से लड़ना सिखाता है और अनुभव जीत हासिल करना।




अक्षय तृतीया पर आभूषण बाजार में 16,000 करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान: कैट -पृष्ठ 6

## हाई लेवल मीटिंग में बोले पीएम मोदी

# 'आतंकवाद को करारा जवाब देना राष्ट्रीय संकल्प, सेना को खुली छूट'

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को शीर्ष रक्षा अधिकारियों से कहा कि सशस्त्र बलों को पहलगाम आतंकवादी हमले के खिलाफ भारत की जवाबी कार्रवाई का तरीका, लक्ष्य और समय निर्धारित करने की पूरी अभियानगत छूट है। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि मोदी ने यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुखों सहित शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता के दौरान यह टिप्पणी की। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में मोदी ने कहा, आतंकवाद को करारा जवाब देना हमारा राष्ट्रीय



संकल्प है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने सशस्त्र बलों की क्षमता में पूर्ण विश्वास व्यक्त किया। एक सूत्र ने मोदी के हवाले से कहा, उन्हें (सशस्त्र बलों को) हमारी जवाबी कार्रवाई के तरीके, लक्ष्य और समय के बारे में फैसला लेने की पूरी अभियानगत छूट है। इस बैठक में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान भी शामिल हुए। यह बैठक पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा उठाए जाने वाले संभावित कदमों पर विचार किए जाने के बीच हुई। पहलगाम के लोकप्रिय पर्यटन स्थल बैसरन में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में कम से कम 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस हमले में शामिल आतंकवादियों और उनके आकाओं का पृथ्वी के अंतिम छोर तक पीछा करने और उन्हें उनकी कल्पना से परे कड़ी से कड़ी सजा देने का आह्वान किया है। पहलगाम हमला जम्मू-कश्मीर में नागरिकों पर पिछले कई वर्षों में हुआ सबसे घातक हमला है, जिसे लेकर पूरे देश में आक्रोश की लहर है और हमलावरों तथा उनके आकाओं के खिलाफ कठोर जवाबी कार्रवाई की मांग उठ रही है। प्रधानमंत्री की कठोर टिप्पणियों और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर उनकी सरकार के कड़े रुख के कारण भारत की ओर से करारी जवाबी कार्रवाई की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

### आरएसएस प्रमुख भागवत ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने पहलगाम आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में, मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि गृह मंत्री अमित शाह भी भागवत के साथ बैठक में मौजूद थे। पाकिस्तान से संबंध रखने वाले आतंकवादियों द्वारा 22 अप्रैल को किये गए आतंकी हमले के बाद, सरकार द्वारा जवाबी कार्रवाई के विकल्पों पर विचार किए जाने के बीच प्रधानमंत्री आवास पर दोनों नेताओं (शाह और भागवत) ने अपने विचार साझा किए। सूत्रों ने बताया कि यह बैठक आतंकी हमले के सिलसिले में हुई। आरएसएस को केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा का वैचारिक मार्गदर्शक माना जाता है, इसलिए यह बैठक मायने रखती है।



दीघा में नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर का आज लोकार्पण, सीएम ममता ने महायज्ञ में दी पूर्णाहुति (पृष्ठ 5)

## बड़ाबाजार के होटल में भीषण आग लगने से मची अफरा-तफरी




### डर से कूदकर एक की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के बड़ाबाजार इलाके में जोड़ासांको थाना अंतर्गत वार्ड 41 में मछुआ फलमंडी के पास स्थित रितुराज होटल में मंगलवार की रात भीषण आग लग गई। खबर लिखे जाने तक इस घटना में कुल 13 लोगों की मौत की खबर सामने आयी। हालांकि, बचाव कार्य जारी रहने के कारण यह संख्या बढ़ भी सकती है। इनमे से एक व्यक्ति ने छह मंजिला होटल के बालकनी से छलांग लगा दी, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मनोज पासवान(40) के रूप में हुई है।वहीं, अन्य लोगों की होटल के अंदर दम घुटने से मौत हो गयी। सूत्रों के मुताबिक, मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल है, हालांकि इस बात की अभी तक पुष्टि नहीं की गई है। इस घटना में एक अन्य व्यक्ति घायल भी है, जिसे कोलकाता मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भर्ती कराया गया है आग बुझाने के लिए दमकल की 10 गाडियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। दमकल कर्मी और कोलकाता पुलिस के डिजास्टर मैनेजमेंट ग्रुप (डीएमजी) के कर्मी आग पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत करते दिखे। होटल के अंदर अभी भी कई लोगों फंसे गए थे। अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए राहत व बचाव कर्मी गैस कटर की मदद से लोहे की ग्रिल को काटकर अंदर घुसकर निकालने की कोशिश कर रहे थे। आग लगने के बाद कई लोग जान बचाने के लिए होटल की छत पर भी चले गए। इन लोगों को भी छत से सुरक्षित नीचे उतारा गया। यह होटल व्यस्त महात्मा गांधी रोड के किनारे ही स्थित है। आग से पूरे इलाके में अफरातफरी का माहौल है। आग कैसे लगी इसका फिलहाल पता नहीं चला है। अनुमान है कि होटल की दूसरी मंजिल, जहां किचेन है वहीं पर आग लगी। आग के बाद बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद है। घटनास्थल पर पुलिस आयुक्त, मेयर फिरहाद, मंत्री शशि पांजा वार्ड 42 पार्षद महेश शर्मा मौजूद रहे।

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## न्यायमूर्ति गवई अगले प्रधान न्यायाधीश नियुक्त

### 14 मई को लेंगे शपथ



**नयी दिल्ली :** न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई को मंगलवार को भारत का अगला प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) नियुक्त किया गया। न्यायमूर्ति गवई 14 मई को सीजेआई का पदभार संभालेंगे। मौजूदा सीजेआई न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई को समाप्त हो रहा है। विधि मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर न्यायमूर्ति गवई को भारत के 52वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की। न्याय विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है, ''संविधान के अनुच्छेद 124 के खंड (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई को 14 मई, 2025 से भारत का प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया है।'' निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, 16 अप्रैल को प्रधान न्यायाधीश खन्ना ने न्यायमूर्ति गवई के नाम की अनुशंसा केंद्र सरकार को की थी। न्यायमूर्ति गवई का कार्यकाल छह महीने का होगा। वह 24 मई 2019 को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश बनाए गए थे। 23 नवंबर को 65 वर्ष की आयु होने पर न्यायमूर्ति गवई का कार्यकाल खत्म हो जाएगा।

## रूस ने चीन को एस-400 वायु रक्षा मिसाइल प्रणालियों की आपूर्ति की

**मॉस्को :** रूस ने चीन को अत्याधुनिक एस-400 वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति की है जिसमें आश्चर्यजनक बातें हैं। लेकिन चीन अब भी कुछ बातों को लेकर परेशान है। स्थानीय समाचार पोर्टल 'एबीएन 24' ने यह जानकारी दी। रूसी 'एस-400 ट्रायम्फ' वायु रक्षा प्रणाली को अपनी श्रेणी में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रणालियों के तौर पर प्रतिष्ठा प्राप्त है। उसे उनकी अच्छी विशेषताओं और विभिन्न प्रकार के हवाई लक्ष्यों को रोकने की क्षमता के लिए जाना जाता है। चीन ने 2014 में कई 'एस-400 ट्रायम्फ' खरीदने के लिए रूस के साथ अरबों डॉलर के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। कई वर्षों बाद, उस सौदे के बारे में रोचक विवरण सामने आए। तब 'एबीएन 24' ने कहा कि इस सौदे ने दुनिया भर का ध्यान आकर्षित किया और इसे चीनी-रूसी सैन्य



सहयोग का एक महत्वपूर्ण प्रतीक माना गया। इसे चीन द्वारा अपनी राष्ट्रीय वायु रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम भी माना गया। हालांकि, चीनी इंटरनेट सेवा सोहू के विश्लेषकों ने कहा है कि चीन को दिए गए एस-400 सिस्टम का आज शायद ही कहीं कोई उल्लेख है। इसके अलावा, वे शायद ही कभी चीनी सेना की सार्वजनिक रिपोर्टों में दिखाई देते हैं, और उनकी तैनाती और उपयोग के बारे में वस्तुतः कोई खबर नहीं है। इसके अलावा, चीनी सेना की सार्वजनिक रिपोर्टों में बमुश्किल इसकी चर्चा हैं और उनकी तैनाती और उपयोग के बारे में भी कोई खबर नहीं है। चीनी पत्रकारों का कहना है कि चीन रूसी वायु रक्षा प्रणालियों पर बहुत अधिक निर्भर है। उन्हें एक शक्तिशाली चीनी वायु रक्षा प्रणाली बनाने की कुंजी माना जाता था क्योंकि ये प्रणालियां वास्तव में उत्कृष्ट हथियार हैं।

### कांग्रेस ने की संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद पैदा हुए हालत के मद्देनजर संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र जल्द से जल्द बुलाया जाए ताकि आतंकवाद के खिलाफ देश के सामूहिक संकल्प और इच्छाशक्ति को व्यक्त किया जा सके। मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि 1994 में संसद से पारित उस संकल्प को फिर से दोहराने का समय आ गया है जिसमें जम्मू - कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा बताने के साथ ही पाकिस्तान से उसके कब्जे वाले कश्मीर को खाली करने के लिए कहा गया था। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार रात प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर यह आग्रह किया।

### अगर देश आतंकवादियों के खिलाफ स्पाइवेयर का इस्तेमाल कर रहा है तो इसमें गलत क्या है: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने देश की ''सुरक्षा और संप्रभुता'' से जुड़ी कोई भी रिपोर्ट सार्वजनिक करने से इनकार करते हुए मंगलवार को पूछा कि ''आतंकवादियों के खिलाफ जासूसी सॉफ्टवेयर'' के इस्तेमाल में गलत क्या है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत एवं न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने संकेत दिया कि यह निजता के उल्लंघन की व्यक्तिगत आशंकाओं पर गौर कर सकती है लेकिन तकनीकी समिति की रिपोर्ट कोई ऐसा दस्तावेज नहीं है जिस पर ''सड़कों पर'' चर्चा की जा सके। पीठ ने कहा, ''देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट को नहीं छुआ जाएगा लेकिन जो व्यक्ति यह जानना चाहते हैं कि वे इसमें शामिल हैं या नहीं, उन्हें सूचित किया जा सकता है। हां, व्यक्तिगत आशंकाओं से निपटा जाना चाहिए लेकिन इसे सड़कों पर चर्चा का दस्तावेज नहीं बनाया जा सकता।''

### बीएसएफ ने जवान को हिरासत में लिए जाने के मामले पर पाक रेंजर्स के समक्ष विरोध दर्ज कराया

**नयी दिल्ली/अमृतसर :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के बाद एक जवान को पकड़े जाने के मामले में पाकिस्तान रेंजर्स के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि इससे पहले दोनों पक्ष अनजाने में सीमा पार करने की इस तरह की घटनाओं को जल्दी ही सुलझाते रहे हैं, लेकिन इस बार पाकिस्तानी पक्ष जवान के ठिकाने और वापसी की तारीख के बारे में अनिश्चितता बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि पहलगाम हमले के बाद भारत के साथ तनाव बढ़ने के कारण पाकिस्तान ऐसा कर रहा हो।

## सुरक्षा संबंधी चिंताओं के बीच कश्मीर में 48 पर्यटक स्थल बंद


**श्रीनगर :** पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर कश्मीर घाटी के संवेदनशील इलाकों में स्थित करीब 50 सार्वजनिक पार्क एहतियातन बंद कर दिए गए हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पर्यटकों के लिए खतरे की आशंका के मद्देनजर कश्मीर के 87 सार्वजनिक उद्यानों में से 48 के द्वार बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की समीक्षा एक सतत प्रक्रिया है और आगामी दिनों में इस सूची में और स्थान जोड़े जा सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि बंद किए गए पर्यटक स्थल कश्मीर के दूरदराज के इलाकों में हैं और इनमें पिछले 10 साल में खोले गए कुछ नए स्थल भी शामिल हैं। पर्यटकों के लिए प्रतिबंधित किए गए स्थानों में दूधपथरी, कोकेरनाग, डकसुम, सिंथन टॉप, अचबल, बंगस घाटी, मार्गन टॉप और तोसामैदान शामिल हैं।

## जयशंकर ने गुयाना, स्लोवेनिया, पनामा, अल्जीरिया के विदेश मंत्रियों से बात की

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्लोवेनिया, पनामा, अल्जीरिया और गुयाना के अपने समकक्षों के साथ मंगलवार को फोन पर अलग-अलग बातचीत के दौरान पहलगाम आतंकवादी हमले पर चर्चा की। समझा जाता है कि जयशंकर ने विदेश मंत्रियों को आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता की भारत की नीति से अवगत कराया। जयशंकर ने 'एक्स' पर कहा, आज गुयाना के विदेश मंत्री ह्यूग हिल्टन टॉड के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। पहलगाम आतंकवादी हमले और सभी रूपों में आतंकवाद से निपटने की आवश्यकता पर चर्चा हुई। स्लोवेनिया की विदेश मंत्री तान्जा फाजोन के साथ अपनी चर्चा के बारे में जयशंकर ने कहा कि उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले की स्लोवेनिया द्वारा निंदा करने के लिए उनका धन्यवाद किया। पनामा के जेवियर मार्टिनेज के साथ फोन पर बातचीत के दौरान विदेश मंत्री ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत के प्रति पनामा द्वारा एकजुटता और समर्थन व्यक्त करने के लिए उनका धन्यवाद किया।

## पहलगाम अटैक पर बड़ा खुलासा, पाकिस्तानी सेना से जुड़े हैं तार

### हमला करने वाला आतंकी पहले था एसएसजी कमांडो



**नई दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले को लेकर बड़ा खुलासा सामने आया है। जांच में पता चला है कि हमले में शामिल एक पाकिस्तानी आतंकवादी का संबंध पाकिस्तानी सेना से रहा है। पहलगाम नरसंहार में शामिल इस आतंकी की पहचान हाशिम मूसा के रूप में हुई है, जो पाकिस्तान के स्पेशल सर्विस ग्रुप का पूर्व पैरा कमांडो था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हाशिम मूसा को पाकिस्तानी सेना द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया गया था और उसे अब आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करने के लिए जम्मू-कश्मीर भेजा गया। सूत्रों का कहना है कि मूसा का मिशन स्थानीय और विदेशी पर्यटकों के साथ-साथ सुरक्षा बलों पर हमले कर दहशत फैलाना था। हालांकि, भारतीय सेना या सरकार की ओर से इस बारे में आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं की गई है। जांचकर्ताओं का मानना है कि पाकिस्तान की स्पेशल फोर्सेज और आतंकी संगठनों के बीच गठजोड़ के चलते इस हमले को अंजाम दिया गया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। पहले सामने आए तीन संदिग्ध आतंकवादियों के स्केच में से एक हाशिम मूसा का बताया जा रहा है। फिलहाल, सुरक्षाबलों की ओर से मूसा और उसके साथियों की तलाश तेज कर दी गई है।

### मदर डेयरी ने दूध के दाम दो रुपये प्रति लीटर तक बढ़ाए

**नयी दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर में दूध एवं डेयरी उत्पादों की विक्रेता मदर डेयरी ने खरीद लागत बढ़ने का हवाला देते हुए दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी कर दी है। कंपनी के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि मूल्य संशोधन 30 अप्रैल, 2025 से पूरे बाजार में प्रभावी हो जाएगा। मूल्य वृद्धि के बाद दिल्ली-एनसीआर में टोन्ड दूध (थोक बिक्री) की कीमत 54 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 56 रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं फुल क्रीम दूध (पाउच) की कीमत 68 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 69 रुपये प्रति लीटर होगी। इसके साथ टोन्ड दूध (पाउच) की कीमत 56 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 57 रुपये जबकि डबल टोन्ड दूध की कीमत 49 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 51 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी। मदर डेयरी ने गाय के दूध की कीमत भी 57 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 59 रुपये प्रति लीटर कर दी है।

## पाक रक्षा मंत्री का बयान बताता है कि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला 'दुष्ट देश' है: भारत

**संयुक्त राष्ट्र :** भारत ने कहा है कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने खुलेआम कबूल किया है कि उनके देश का आतंकवादी संगठनों का समर्थन और वित्तपोषण करने का इतिहास रहा है, और यह कबूलनामा उजागर करता है कि पाकिस्तान वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला एक ''दुष्ट देश'' है और क्षेत्र को अस्थिर कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत योजना पटेल ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद निरोधक कार्यालय के 'विक्टिम्स ऑफ टेररिज्म



एसोसिएशन नेटवर्क' (वोटन) के डिजिटल सह प्रत्यक्ष (हाइब्रिड) उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित किया और पाकिस्तान के प्रतिनिधि द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले का संदर्भ दिए जाने पर अपने 'जवाब देने के अधिकार' का इस्तेमाल करते हुए इसका जोरदार तरीके से उत्तर दिया। पटेल ने कहा, ''यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक विशेष प्रतिनिधि ने दुष्प्रचार करने और भारत के खिलाफ निराधार आरोप लगाने के लिए इस मंच का दुरुपयोग करने और इसे कमजोर करने का विकल्प चुना है।

### पहलगाम हमले के बाद एकजुटता अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा आतंकवाद को कतई सहन नहीं करने का प्रमाण: भारत

भारत ने कहा है कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद वैश्विक नेताओं की ओर से ''मजबूत, स्पष्ट'' समर्थन और एकजुटता, आतंकवाद के प्रति अंतरराष्ट्रीय समुदाय की कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का प्रमाण है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत योजना पटेल ने कहा, ''2008 में हुए 26/11 के भीषण मुंबई हमलों के बाद पहलगाम आतंकवादी हमले में इतनी अधिक संख्या में आम नागरिक मारे गए हैं।

scan to download IGJC Digital Gold App




— अक्षय तृतीया ऑफर —

20%* की छूट सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्ज एवं जड़ाऊ ज्वेलरी पर

10%* की छूट डायमंड, एस्ट्रो जेम्स, सिलवर एवं प्लैटिनम ज्वेलरी पर

पुराने हीरे एवं जेम्सटोन के बदले सोना घर लाईए

इंडियन जेम एंड ज्वेलरी क्रियेशन

टोल फ्री नंबर 1800 8891704

9B, वुड स्ट्रीट : ग्राउंड फ्लोर, कोलकाता 700 016 M +91 89810 89018 साउथ सिटी मॉल : ग्राउंड फ्लोर, 375, प्रिंस अनवर शाह रोड, कोलकाता 700 068 M +91 89810 89029 सिटी सेंटर II, राजारहाट : ब्लॉक - B', दूसरी मंजिल, शॉप नंबर 201, न्यू टाउन, कोलकाता 700 157 M +91 89810 89066 हावड़ा : जेपी'स एसी मार्केट (श्री विंध्याचल बिल्डिंग), 35, डॉ. अबनी दत्ता रोड (हावड़ा एसी मार्केट के पास) M +91 89810 89027 वरदान मार्केट : 106, वरदान मार्केट, पहली मंजिल, 25A, कैमक स्ट्रीट, कोलकाता 700 016 M +91 89810 89003 बागनान : ग्लोरियस शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सीटीसी बस स्टैंड के पास, शॉप नंबर 4, पहली मंजिल, बागनान, हावड़ा 711 303 M +91 89810 89024 दुर्गापुर : शॉप नंबर 205, ड्रीमप्लेक्स मॉल, पहली मंजिल, सिटी सेंटर, दुर्गापुर 713 216 M +91 89810 89017 श्रीरामपुर : अग्निशा - II, ग्राउंड फ्लोर, 30, के एम शाह स्ट्रीट, श्रीरामपुर, हुगली 712 201 M +91 89810 89014

हीरे के आभूषण, सॉलिटेयर, हॉलमार्क वाले सोने के आभूषण, पोल्की, कुंदन जड़ाऊ और सार्टिफाइड रत्न, बाय-बैंक सुविधा के साथ


www.indiangem.com

अधिकृत रिटेलर: प्लैटिनम, एमएमटीसी गोल्ड और सिल्वर बार्स

# सैन्यकर्मी के घर धमकी भरे पोस्टर मिलने से सनसनी

**हुगली, समाज्ञा :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद देश में जहां एक ओर शोक और आक्रोश का माहौल है, भारत पाकिस्तान सिमा पर तनातनी का माहौल है। वहीं पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के धनियाखाली इलाके से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। भारतीय सेना में तैनात सैन्यकर्मी गौरव मुखर्जी के घर पर दो धमकी भरे पोस्टर फेंके गए, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पोस्टर में लिखा था :

'हमें गौरव का सिर चाहिए, वो भारत को नहीं बचा सकता। पाकिस्तान जिंदाबाद। बंगाल को पाकिस्तान बना दिया जाएगा।' यह पोस्टर प्लास्टिक में लपेटकर घर की खिड़की से अंदर फेंका गया। गौरव मुखर्जी वर्तमान में जम्मू और कश्मीर




में तैनात हैं और धनियाखाली उनके परिवार का पैतृक निवास है। पोस्टर मिलने के बाद से परिवार भयभीत है। गौरव के पिता ने तुरंत धनियाखाली पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि पड़ोसी के घर लगे सीसीटीवी कैमरे में दो संदिग्ध युवक स्कूटर पर सवार दिखे, जिनके चेहरे ढंके हुए थे। परिवार का दावा है कि पोस्टर में लिखावट टेढ़े-मेढ़े हाथ से की गई है, जो शरारत या साजिश की ओर इशारा करता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गौर करने वाली बात यह है कि यही सैन्यकर्मी झंटू अली शेख की यूनिट में कार्यरत हैं, जो हाल ही में उधमपुर में आतंकी हमले में शहीद हो गए थे। धनियाखाली की विधायक असीमा पात्रा ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें सुरक्षा एवं न्याय का भरोसा दिलाया। पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के रहने वाले झंटू अली शेख, इंडियन आर्मी के 6 पैरा स्पेशल फोर्स में हवलदार के पद पर थे। उनकी तैनाती जम्मू-कश्मीर में सेना की व्हाइट नाइट कॉर्प्स में थी। पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसमें आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में झंटू अली शेख को गोली लगी और वे शहीद हो गए।

इस घटना ने न केवल स्थानीय लोगों को झकझोर कर रख दिया है, बल्कि यह सवाल भी खड़े कर दिए हैं कि देश के रक्षकों के परिवार भी अब अपने ही घरों में सुरक्षित नहीं हैं। प्रशासन और सरकार से इस तरह की घटनाओं पर त्वरित और कठोर कार्रवाई की मांग की जा रही है। ज्ञात हो कि रिसड़ा के रहने वाले बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार साव को पाकिस्तान ने हिरासत में ले रखा है। उनकी पत्नी अपने बेटे एवं परिवार के पांच सदस्यों के साथ पूर्णम के मौजूदा हाल जानने के लिए बीएसएफ हेड क्वार्टर कांगड़ा पहुंची हुई है। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) की एक इकाई है, विशेष रूप से 185वीं बटालियन (अब 24वीं बटालियन) है। पहलगाम में आतंकी हमले के अगले दिन 23 अप्रैल को पाकिस्तानी रेंजर्स ने दो फोटो जारी कीं। दावा किया कि उन्होंने एक बीएसएफ जवान पूर्णव कुमार साव को पकड़ा है। पहली फोटो में जवान पेड़ के नीचे खड़ा है और उसकी राइफल, पानी की बोतल, बैग जमीन पर पड़ा है। दूसरी फोटो मे उसके आंखों में पट्टी बांध दी गई है। पाकिस्तान ने अब तक गलती से बॉर्डर पार गए बीएसएफ जवान को नहीं छोड़ा है। इसी बीच जवान की गर्भवती पत्नी अपने आठ साल के बेटे और परिवार वालों को लेकर पंजाब पहुंच गई है। वहीं बीएसएफ जावन के बेटे ने कहा कि पाकिस्तान हमारा सब कुछ ले ले, बस मेरे पिता को छोड़ दे। इसके बाद धनियाखाली में जवान के घर धमकी भरा पोस्टर चिंता का विषय बन गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### चमकदार और जवां त्वचा के लिए अपने खाने में शामिल करें ये 5 एंटी-एजिंग सुपरफूड्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** क्या आप भी चाहते हैं कि आपकी त्वचा उम्र से पहले बूढ़ी न दिखे? बदलते पर्यावरणीय कारकों जैसे प्रदूषण, तेज धूप और हानिकारक यूवी किरणों के कारण त्वचा पर झुर्रियां और महीन रेखाएं आ सकती हैं। लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि संतुलित आहार और कुछ खास सुपरफूड्स आपकी त्वचा को जवां और खूबसूरत बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। त्वचा विशेषज्ञ डॉ. गीतिका मित्तल के अनुसार, हमारी त्वचा का स्वास्थ्य हमारे खानपान पर पूरी तरह निर्भर करता है। वे सुझाव देती हैं कि आहार में बादाम, सैल्मन मछली, शकरकंद, खट्टे फल और दही जैसी पोषक तत्वों से भरपूर चीजें शामिल करें। बादाम में विटामिन ई होता है, जो त्वचा को नमी प्रदान करता है और उम्र बढ़ने के प्रभाव को धीमा करता है, वहीं सैल्मन मछली में ओमेगा-3 फैटी एसिड्स होते हैं, जो त्वचा की लोच बनाए रखते हैं। शकरकंद और खट्टे फलों में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो त्वचा को फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं। इन सुपरफूड्स को अपनी डाइट में शामिल कर आप अपनी त्वचा को अंदर से स्वस्थ रख सकते हैं और उम्र बढ़ने के प्रभावों को कम कर सकते हैं।

### दिलीप घोष ने दीघा जगन्नाथ मंदिर दर्शन की जताई इच्छा, बोले... 'सुविधा मिली तो जरूर जाऊंगा'

**बर्दवान :** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने दीघा के नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर जाने की इच्छा जाहिर की है। मंगलवार को बर्दवान में 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे दिलीप घोष ने कहा कि अगर मौका मिला तो वह भी मंदिर जाकर दर्शन करेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस इच्छा के पीछे कोई राजनीतिक मंशा नहीं है। इस दिन, मंदिर को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में दिलीप घोष ने कहा कि मैं भी अगर अवसर मिला तो दीघा के जगन्नाथ मंदिर जरूर जाऊंगा। जब भगवान जगन्नाथ खुद हमारे इतने नजदीक आ गए हैं तो हम उनके दर्शन क्यों न करें? इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ की बड़ी-बड़ी आंखें हैं, वह सब कुछ देख रहे हैं। इसके साथ ही अयोध्या में बने राम मंदिर को लेकर भी दिलीप घोष ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि भगवान के नाम पर राजनीति करना सही नहीं है। राम मंदिर बनने के बाद भाजपा के वोटों में गिरावट आई है। मंदिर, आराधना के लिए ही होते हैं, उन्हें राजनीति में घसीटना ठीक नहीं।


### हावड़ा में सड़क दुर्घटना में 6 लोग घायल

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा में मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना में 6 लोग घायल हो गए। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह करीब 7 बजे हावड़ा जा रही एक निजी बस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 16, मुंबई रोड पर खापरा मोड़ पर दो साइकिलों और दो मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी। इस टक्कर से एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। उन्हें गंभीर स्थिति में इलाज के लिए गबेरिया अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग को लगभग आधे घंटे तक जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग ठप्प हो गया। सुबह के समय यातायात की भारी भीड़ लग गई। बाद में, पुलिस ने स्थिति सामान्य कर दी। ड्राइवर और बस को हिरासत में ले लिया गया है।

### शमशेरगंज में बम विस्फोट में दो किशोर गंभीर रूप से घायल

**मुर्शिदाबाद :** जिले में फिर बम विस्फोट की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि इस विस्फोट में दो किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका फिलहाल मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार की दोपहर मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज थाना अंतर्गत चश्कापुर इलाके में यह बम विस्फोट हुआ। बताया जा रहा है कि दोपहर में वे चश्कापुर इलाके में एक बगीचे में खेल रहे थे। उस समय, बगीचे में बमों का भण्डार जमा हुआ था। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, दो किशोर अनजाने में इस क्षेत्र में चले गये और तभी विस्फोट हुआ और वे घायल हो गये। घायल नाबालिगों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## पूर्व रेलवे ने सांसदों के साथ आसनसोल और मालदह मंडल समिति की बैठक आयोजित की



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने मंगलवार को आसनसोल में महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर की उपस्थिति में आसनसोल और मालदह मंडल नेटवर्क पर सांसदों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की। इस बैठक में मालदह और आसनसोल मंडल के प्रमुख मुद्दों और विकासात्मक पहलों पर चर्चा की गई। इस बैठक में पूर्व रेलवे के सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों के अलावा आसनसोल और मालदह मंडल के रेल प्रबंधक भी उपस्थित थे। इस बैठक में शामिल सांसदों में शत्रुघन प्रसाद सिन्हा, खलीलुर रहमान, गिरिधारी यादव, खगेन मुर्मू, डॉ. सरफराज अहमद और नलिन सोरेन उप-स्थित थे।उल्लेखनीय है कि इस बैठक में मालदह एवं आसनसोल मंडल के रेल नेटवर्क में अपने अधिकार क्षेत्र वाले अन्य संसद सदस्यों अर्थात सांसद कीर्ति आजाद झा, शताब्दी रॉय, अरुण भारती, चंद्र प्रकाश चौधरी, दुलु महतो, डॉ. निशिकांत दुबे, अन्नपूर्णा देवी, ईशा खान चौधरी, सांसद अजय कुमार मंडल एवं सांसद एवं पंचायती राज, मत्स्यपालन, पशुपालन व डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के प्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे। इस बैठक में आसनसोल और मालदह मंडल के विकास कार्यों पर चर्चा की गई, जिसमें स्टेशन पुनर्विकास, अमृत स्टेशन योजना, बाईपास लाइन निर्माण, लिफ्ट और एस्केलेटर की स्थापना, एफओबी और प्लेटफॉर्म सुधार जैसे कार्य शामिल थे। सांसदों ने यात्री सुविधाओं के लिए अतिरिक्त प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया और विभिन्न ट्रेनों के ठहराव, रद्द की गई ट्रेनों को पुनः शुरू करने, और नए मार्गों पर ट्रेन सेवाएं शुरू करने की मांग की। सांसद शत्रुघन प्रसाद सिन्हा ने भारतीय रेल की विकास यात्रा की सराहना की, जबकि अन्य सांसदों ने स्थानीय मांगों और यात्री सुविधाओं के सुधार के लिए सुझाव दिए। महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने सभी सु-झावों पर विचार करने और उन्हें व्यवहार्यता विश्लेषण के आधार पर कार्यान्वयन का आश्वासन दिया। पूर्व रेलवे ने सांसदों के सुझावों को स्वीकार करते हुए, रेलवे बोर्ड के अनुमोदन के बाद इन मुद्दों पर कार्रवाई करने का संकल्प लिया।

## वकीलों के साथ बदसलूकी पर मुख्य न्यायाधीश ने लिया स्वत: संज्ञान, तीन जजों की पीठ गठित

**कोलकाता, समाज्ञा**

कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगनम ने मंगलवार को पिछले सप्ताह वकीलों को कथित रूप से भीड़ द्वारा परेशान करने के मामले का स्वत: संज्ञान लिया। उन्होंने मामले की सुनवाई के लिए तीन न्यायाधीशों की पीठ गठित की, जिसमें न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी, न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य और न्यायमूर्ति राजर्षि भारद्वाज शामिल हैं। बता दें कि यह घटना 25 अप्रैल को हुई थी, जब वरिष्ठ वकील विकास रंजन भट्टाचार्य और उनके सहयोगियों को उच्च न्यायालय भवन के सामने घेर लिया गया। साथ ही, उनके साथ धक्का-मुक्की की गई। मामले में वकीलों की ओर से लगाए गए आरोपों को अनुसार यह घटना कुछ वादियों से जुड़ी हो सकती है। मामले में कलकत्ता हईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को स्थानीय पुलिस उपायुक्त को इसकी जानकारी देने का निर्देश दिया। इसके अलावा, मुख्य न्यायाधीश ने राज्य के महाधिवक्ता से भी हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। इसके साथ ही मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने सोमवार को निर्देश दिया कि इस मामले में याचिकाएं दर्ज की जाएं और संबंधित नोटिस महाधिवक्ता, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल और बार एसोसिएशन के सचिवों के कार्यालय में पालन किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि मुख्य न्यायाधीश के एक्शन के बाद मामले की सुनवाई इस सप्ताह के अंत में होने की संभावना है।

## पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मृति समिति के द्वारा सोमवार की शाम ब्रबोर्न रोड और महाराणा प्रताप सरणी के संगमस्थल (टी बोर्ड के पास) पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों की स्मृति में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस श्रद्वाजंलि सभा में सैकड़ों लोग सम्मिलित होकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित किये। मोमबत्ती जलाकर और दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्म की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में राजगृह सिंह, त्रिभुवन मिश्रा, अमर पाण्डेय, ममता सिंह, पिंकी सिंह, राकेश सिंह राणा, सोम दा, सुबोध साव, अमित सिंह, मुन्ना महतो, तीर्थ पाण्डेय, अनिल गुप्ता, इंद्रजीत सिंह, सीटू सिंह, ललन सिंह, सौरभ सिंह, संकटा सिंह, सुरेश सिंह, परमा सोनकर, रणधीर सिंह, विकाश सिंह, राजेश ठाकुर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन समिति के महासचिव ने किया।

## प्रतिशत सफलता हेतु सभी तत्वों का सम्यक् समन्वय अनिवार्य है - 'सिद्धगुरुवर' श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव

❑ 'अभ्युदय' महोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का जन सैलाब

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के धनो धान्यो सभागार में आयोजित 'अभ्युदय' कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का अपार जनसागर उमड़ पड़ा। इस भव्य आयोजन में अष्ट सिद्धियों और नव निधियों के धारक, परम पूज्य श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव के दर्शन और आशीर्वाद के लिए हजारों भक्त पहुंचे। कार्यक्रम के आयोजक एवं प्रायोजक संजय मालू और सिद्धार्थ मालू परिवार ने गुरुदेव का सादर अभिनंदन किया। राप्रोक्योर के निदेशक सिद्धार्थ मालू ने स्वागत भाषण में कहा, हम अत्यंत सौभाग्यशाली हैं कि इस पुण्यभूमि कोलकाता में गुरु भगवान का पावन पदार्पण हुआ है।

गुरुदेव ने अपने उद्बोधन में जीवन में सकारात्मक ऊर्जा के महत्व को समझाया और कहा कि हर व्यक्ति को अपनी विशिष्टताओं को पहचानकर श्रेष्ठतम पुरुषार्थ करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि समय का सदुपयोग करें और प्रत्येक क्षण को आत्म-विकास हेतु समर्पित करें। गुरुदेव ने निंदा और आलोचना से दूर रहने की सलाह दी, क्योंकि इससे नकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है, जो जीवन के विकास में बाधक बनती है। गुरुदेव ने जीवन में सफलता की परिभाषा स्पष्ट करते हुए कहा, आपके अस्तित्व से यदि इस संसार




की सुंदरता में अभिवृद्धि होती है, तो वही आपकी वास्तविक सफलता है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी कार्य में सफलता पाने के लिए संकल्पबद्ध प्रयास जरूरी हैं, और संकल्प में कोई विकल्प नहीं होना चाहिए। गुरुदेव ने जीवन के संघर्षों का सामना करने की प्रेरणा देते हुए कहा, अगर जीवन में उलझनें न होंगी तो समाधान का आलोक कैसे प्रस्फुटित होगा? उन्होंने बताया कि जीवन में सद्गुण, प्रसन्नता, विनम्रता और सदाचार अमृततुल्य हैं, जबकि दुख, निंदा और द्वेष विष के समान हैं। कार्यक्रम के अंत में गुरुदेव ने सभी को अपने आचरण को सद्गुणों से परिपूर्ण करने का आह्वान किया, ताकि जीवन स्वयं एक उत्सव बन सके।

## मालदह डिविजनल रेलवे अस्पताल में राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर मालदह डिविजनल रेलवे अस्पताल में 21 से 26 अप्रैल तक जागरूकता और तत्परता संबंधी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस पहल का उद्देश्य अस्पताल के चिकित्सा स्टाफ, रोगियों और आम समुदाय में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, साथ ही स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में आपातकालीन प्रतिक्रिया, पूर्व-निवारक उपायों और तत्परता की महत्ता को रेखांकित किया गया। सप्ताह की शुरुआत 21 अप्रैल को एक अग्नि सुरक्षा जागरूकता कक्षा के साथ हुई, जिसमें डॉ. अनुपा घोष, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और डॉ. एस. भट्टाचार्य, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने आग से संबंधित आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया और प्राथमिक चिकित्सा के महत्वपूर्ण उपायों पर



चर्चा की। 22 अप्रैल को मालन केंद्र विद्यालय में पोस्टर निर्माण और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को अग्नि सुरक्षा के बारे में रचनात्मक तरीके से जानकारी दी गई। 23 अप्रैल को पश्चिम बंगाल अग्नि सुरक्षा विभाग द्वारा अस्पताल में अग्नि सुरक्षा संबंधी एक मॉक ड्रिल आयोजित की गई, जिसमें सीओ2 और ड्राई पाउडर अग्नि निवारक यंत्रों का प्रदर्शन किया गया। 24 अप्रैल को अस्पताल की अग्नि सुरक्षा ढांचे की संयुक्त निरीक्षण की गई, जिसमें विद्युत और सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के अधिकारियों ने सुरक्षा प्रणालियों की जांच की। 25 अप्रैल को सभी डॉक्टरों और अस्पताल के कर्मचारियों ने अग्नि सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को लेकर एक शपथ ली और सुरक्षा मानकों का पालन करने का संकल्प लिया। सप्ताह के अंतिम दिन, 26 अप्रैल को अग्नि सुरक्षा प्रोटोकॉल पर एक समर्पित चर्चा आयोजित की गई।

इस पहल के माध्यम से, मालदह डिविजनल रेलवे अस्पताल ने यह सिद्ध किया कि वह अपने मरीजों, कर्मचारियों और आगंतुकों के लिए एक सुरक्षित और संरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के प्रति प्रतिबद्ध है, जो पूर्वी रेलवे के व्यापक सुरक्षा उद्देश्यों के अनुरूप है।

## पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने आसनसोल डिवीजन के नवीनीकरण किए गए कंट्रोल रूम का किया उद्घाटन



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउसकर ने आसनसोल डिवीजनल रेलवे मैनेजर कार्यालय का दौरा करते हुए आसनसोल डिवीजनल मुख्यालय के नवीनीकरण किए गए कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया। इस नवीनीकरण में कंट्रोल रूम को पूरी तरह से नया रूप दिया गया है। इसमें आधुनिक और आर्थिक रूप से डिजाइन की गई बैठने की व्यवस्था, केंद्रीकृत वातानुकूलन, ऊर्जा दक्ष प्रकाश व्यवस्था और प्रत्येक विभागीय कंट्रोल रूम और सेक्शनल कंट्रोल रूम के लिए अलग-अलग कांच के केबिन की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, इस नवीनीकरण में आपदा प्रबंधन बैठक कक्ष की भी स्थापना की गई है, जो त्वरित प्रतिक्रिया और निर्णय लेने के लिए अत्याधुनिक संचार प्रणालियों से लैस है। इसके बाद, महाप्रबंधक मिलिंद देउसकर ने आसनसोल डिवीजनल रेलवे मैनेजर और सभी शाखा अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें आसनसोल डिवीजन के विभिन्न पहलुओं, योजन-ाओं और उपलब्धियों पर चर्चा की गई।

## सियालदह डिवीजन ने डायमंड हार्बर स्टेशन पर सफाई जागरूकता कार्यक्रमों का किया आयोजन




**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन ने स्टेशन की सफाई और पर्यावरण स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 28 अप्रैल को डायमंड हार्बर स्टेशन पर सफाई जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस पहल ने विभिन्न विभागों से सक्रिय भागीदारी प्राप्त की, जिसमें वाणिज्य, स्वास्थ्य, पर्यावरण और हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग प्रमुख थे। इस कार्यक्रम में स्टेशन स्टाफ, स्टेशन सुपरिटेंडेंट, स्टेशन मास्टर, रेलवे सुरक्षा बल के कर्मी, स्वास्थ्यकर्मी और सफाई कर्मचारी शामिल हुए। इस कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ स्टेशन, हरा राष्ट्र का संदेश दिया गया और विक्रेताओं को अपने स्टॉल के आसपास सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। यात्रियों से अपील की गई कि वे कचरे को उचित डस्टबिनों में डालें। इस अवसर पर सामूहिक जिम्मेदारी की बात की गई, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका को अहम बताया गया।

## हावड़ा डिवीजन ने 100 साल पूरे होने पर विशेष स्मृति चिन्ह वितरण समारोह का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन के 100 वर्षों की शानदार यात्रा के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम सोमवार को डीआरएम भवन के पीबीआरसी हॉल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन डीआरएम संजीव कुमार के नेतृत्व में किया गया। जिसमें अतिरिक्त डिवीजनल रेलवे मैनेजर (ऑपरेशंस), सीनियर डिवीजनल पर्सनल ऑफिसर, सीनियर डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर और पर्सनल ब्रांच के अन्य विशिष्ट अधिकारी उपस्थित थे। यह आयोजन हावड़ा डिवीजन की ऐतिहासिक यात्रा और भारतीय रेलवे प्रणाली में इसके योगदान की सराहना करने के लिए आयोजित वर्षभर के उत्सवों का हिस्सा था। इस अवसर पर डीआरएम संजीव कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए डिवीजन के इतिहास और क्षेत्र में निर्बाध संचालन और कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने में इसके



महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर पर्सनल ब्रांच के अधिकारियों को एक विशेष स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। हावड़ा डिवीजन के 100 साल के आधिकारिक प्रतीक के साथ एक सुंदर बुनाई बैग वितरित किया गया। यह बैग न केवल इस ऐतिहासिक मील का पत्थर का यादगार प्रतीक हैं, बल्कि यह स्थानीय जूट उद्योग के प्रचार में भी योगदान करता है। यह पहल पर्यावरणीय लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और प्लास्टिक के विकल्प के रूप में जूट के उपयोग को प्रोत्साहित करने का हिस्सा है। कुमार ने कहा कि जूट को प्रमुखता देने का कदम भारतीय रेलवे के ग्रीन प्रैक्टिसेस को बढ़ावा देने और सतत विकल्पों के महत्व के बारे में जागरूकता बनाने की दिशा में एक कदम है।

## न्यूज अपडेट

### पॉलिसीधारक की अनुपस्थिति में टर्म इंश्योरेंस क्लेम कैसे करें

**कोलकाता :** लोगों के बीच आम धारणा यह है कि टर्म पॉलिसी खरीदने के साथ ही वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी खत्म हो जाती है, लेकिन ऐसा नहीं है। टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी को खरीदना वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने की तरह पहला कदम जरूर है, लेकिन आपकी अनुपस्थिति में आपकी संपत्ति को किस तरह संभाला जाएगा इसकी योजना बनाना भी महत्वपूर्ण है। क्लेम फाइल करने का समय आमतौर पर बिना बताए आ जाता है और अगर ऐसा होता है, तो नॉमिनी व्यक्ति को अक्सर समझ नहीं आता कि आगे क्या करना है। हालांकि कंपनियों ने क्लेम की प्रक्रिया को आसान बनाया है, लेकिन इस प्रक्रिया को जानना आवश्यक है। वरूण अग्रवाल, हेड-टर्म इंश्योरेंस, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम, सही योजना, और समय पर कार्रवाई मुश्किल समय के दौरान क्लेम की प्रक्रिया को आसान बना सकती है और यह सुनिश्चित कर सकती है कि आपके प्रियजन सुरक्षित हैं। बीमाकर्ता को पॉलिसीधारक की मृत्यु के बारे में जल्द से जल्द बताना चाहिए। इससे पहले, लाभार्थियों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि पिछले प्रीमियम का भुगतान हो चुका है और पॉलिसी एक्टिव है। नॉमिनी व्यक्ति को क्लेम फ़ॉर्म ऑनलाइन डाउनलोड करके या इसे नज़दीकी शाखा से प्राप्त कर सभी डिटेल्स और सपोर्टिंग डॉक्यूमेंट्स के साथ फ़ॉर्म को जमा करना चाहिए ताकि क्लेम प्रक्रिया शुरू की जा सके।

### डॉ. रेड्डीज़ और सनोफी हेल्थकेयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस की नई दवा लॉन्च करने के लिए अपनी साझेदारी को बढ़ाया

**हैदराबाद/कोलकाता :** विश्व टीकाकरण सप्ताह के अवसर पर, एक वैश्विक फार्मास्युटिकल कंपनी, डॉ. रेड्डीज़ लैबोरेट्रीज़ लिमिटेड (बीएसई: 500124, एनएसई: डीआरआरईडीडीवाय, एनवाईएसई: आरडीवाय, एनएसईआईएफएससी: डीआरआरईडीडीवाय; इसके बाद डॉ. रेड्डीज़ के रूप में संदर्भित), ने सनोफी हेल्थकेयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसएचआईपीएल) के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार किया है ताकि भारत में एक नई दवा, बेफ़ोर्टसएँ (निर्सेविमैब) को पेश किया जा सके। बेफ़ोर्टसएँ में मोनोक्लोनल एंटीबॉडी, निर्सेविमैब, एक प्रीफिल्ड इंजेक्शन के रूप में शामिल है, जो रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस (आरएसवी) निचले श्वसन पथ रोग (एलआरटीडी) की रोकथाम के लिए उपयोग किया जाता है, जो नवजात शिशुओं और पहले आरएसवी सीज़न में जन्म लेने वाले या उसमें प्रवेश करने वाले शिशुओं के लिए है। यह 24 महीने तक के बच्चों को भी दी जाती है, जो अपने दूसरे आरएसवी सीज़न तक गंभीर आरएसवी रोग के प्रति संवेदनशील रहते हैं। इस व्यवस्था के तहत, डॉ. रेड्डीज़ को एसएचआईपीएल से भारत में बेफ़ोर्टसएँ (निर्सेविमैब) को प्रमोट और डिस्ट्रीब्यूट करने के लिए विशेष अधिकार प्राप्त होंगे। यह घोषणा पिछले साल भारत में सनोफी के वैक्सीन पोर्टफोलियो के लिए डॉ. रेड्डीज़ की सफल एक्सक्लूसिव डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनरशिप के बाद हुई है। उम्मीद है कि डॉ. रेड्डीज़ चालू वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में भारत में बेफ़ोर्टसएँ लॉन्च करेगा।

### लंबे समय में 1,06,000 रुपए के लक्ष्य के साथ कम भाव पर सोना खरीदें - मोतीलाल ओसवाल फाइनैन्शियल सर्विसेज़ लिमिटेड

**कोलकाता :** मोतीलाल ओसवाल फाइनैन्शियल सर्विसेज़ लिमिटेड (एमओएफएसअल) के अनुसार, वह सोने में गिरावट पर खरीदारी जारी रखते हैं जबकि निवेशक 1,06,000 रुपए के लंबे समय के लक्ष्य के लिए उल्लेखित समर्थन क्षेत्र के लिए संचय शुरू कर सकते हैं। तकनीकी रूप से मध्यम से दीर्घ अवधि के लिए एमओएफएसएल को 90,000-91,000 रुपए तक समर्थन तथा 99,000 के आसपास प्रतिरोध का अनुमान है। 2025 की पहली तिमाही सोने और चांदी के लिए पिछले वर्ष की तरह हीचौकाने वाले रहे हैं। पहली तिमाही में, सोने में 18%. की वृद्धि दर्ज हुई। नए वित्तीय वर्ष में भी तेज़ी जारी रही जिसमें सोना अब तक के उच्चतम स्तर 3500 और 1,00,000 रुपए के बहुत करीब पहुँच गया। हालाँकि, यह उछाल तेज़ी से नीचे आय क्योंकि रिकार्ड ऊंचाई के बाद तेज बिकवाली देखी गई। मानव मोदी, मोतीलाल ओसवाल फाइनैन्शल सर्विसेज़ लि.के कमोडिटी रिसर्च के वरिष्ठ विश्लेषक, कहते हैं कि, ऐतिहासिक रूप से माँग और आपूर्ति जैसे कारकों ने सोने के भावों पर सीधा असर नहीं डाला है वह भी खासतौर पर ऐसे माहौल में जब बाज़ार में अधिक अनिश्चितताएँ मौजूद हों। पिछले दो महीनों में सोने के भावों में तीव्र वृद्धि देखी गई है, इसलिए कीमतों में गिरावट की संभावना को नहीं नकारा जा सकता है।।

### केयरएज रेटिंग्स ने स्टेट रैंकिंग 2025 का अपना दूसरा संस्करण जारी किया

**कोलकाता :** केयरएज रेटिंग्स ने स्टेट रैंकिंग 2025 का अपना दूसरा संस्करण जारी किया है। इसके विश्लेषण के अनुसार, महाराष्ट्र इस रैंकिंग में पहले स्थान पर है, इसके बाद गुजरात और कर्नाटक का स्थान है। महाराष्ट्र ने वित्तीय विकास में शीर्ष स्थान हासिल किया और आर्थिक, वित्तीय एवं सामाजिक क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन किया। वहीं, गुजरात के प्रदर्शन को वित्तीय और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्रों में बेहतर परिणामों से के साथ ही अपनी अग्रणी आर्थिक रैंक का समर्थन मिला है। रिपोर्ट पर अपनी राय रखते हुए, केयरएज के एमडी और ग्रुप सीईओ मेहुल पांड्या ने कहा, राज्यों की पूरी क्षमता को सामने लाने के लिए उनके प्रदर्शन की व्यापक और नियमित समीक्षा करना बहुत महत्वपूर्ण है। केयरएज रेटिंग्स की भारतीय राज्यों को रैंक करने की पहल से राज्यों की लंबे समय में विकास करने क्षमता का पता चलता है, साथ ही यह विकास मॉडल की गुणवत्ता और समावेशन पर भी ध्यान देती है। इससे सोच-समझकर निर्णय लेने और भारतीय राज्यों की विविधता को देखते हुए मौजूदा नीतियों को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

### ईएसआईसी ने कोलकाता में ब्रेथवेट एंड कंपनी में देश का पहला फैक्टरी हेल्थ एडॉप्शन प्रोग्राम किया लॉन्च



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन ईएसआईसी, जोका द्वारा एक ऐतिहासिक पहल के तहत कोलकाता में देश का पहला फैक्टरी हेल्थ एडॉप्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम रेलवे मंत्रालय के अधीन सीपीएसई ब्रेथवेट एंड कंपनी लिमिटेड (बीसीएल) के सहयोग से संपन्न हुआ। संजीव रस्तोगी, निदेशक (उत्पादन) एवं आर. वीरबहु, निदेशक (वित्त) ने मुख्य अतिथियों प्रो. डॉ. नंदकिशोर आल्वा एन, डीन, ईएसआई मेडिकल सर्विसेज और डॉ. जयंत कर्मकार, प्रमुख, आईएसओ एवं आपातकालीन चिकित्सा विभाग का स्वागत और सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन साहेब गुहा रॉय, प्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) तथा बीसीएल की एचआर टीम ने किया। इस अवसर पर प्रो. डॉ. आल्वा ने कहा, पश्चिम बंगाल में ब्रेथवेट जैसी ऐतिहासिक और प्रतिष्ठित कंपनी के साथ फैक्टरी हेल्थ एडॉप्शन प्रोग्राम की शुरुआत करना हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य अस्पतालों और औद्योगिक कार्यस्थलों के बीच की दूरी को कम करना है, ताकि फैक्ट्री परिसरों के भीतर ही निरंतर और सीधे स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जा सके। यह भारत में अपने तरह का पहला प्रयास है। डॉ. आल्वा ने आगे कहा, ब्रेथवेट के कर्मचारियों के लिए ईएसआईसी डॉक्टरों की एक समर्पित टीम कंपनी के नामित नोडल अधिकारी के साथ निरंतर संपर्क में रहेगी, नियमित फीडबैक एकत्र करेगी, मासिक विजिट करेगी और नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करेगी।

### कर्नाटक हाईकोर्ट ने इंफोसिस के सह-संस्थापक क्रिस गोपालकृष्णन के खिलाफ एफआईआर खारिज की

**कोलकाता :** कर्नाटक हाईकोर्ट ने इंफोसिस के सह-संस्थापक क्रिस गोपालकृष्णन और अन्य के खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने शिकायत को कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करार दिया और शिकायतकर्ता के खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने की स्वतंत्रता प्रदान की। 16 अप्रैल को आदेश पारित करने वाले जज हेमंत चंदनगौदर ने कहा कि यह शिकायत याचिकाकर्ताओं को परेशान करने का एक कष्टप्रद प्रयास है। यह एफआईआर भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के पूर्व संकाय सदस्य डी. सन्ना दुर्गाप्पा द्वारा दर्ज की गई निजी शिकायत पर आधारित थी, जिन्हें यौन उत्पीड़न के आरोपों की आंतरिक जांच के बाद 2014 में बर्खास्त कर दिया गया था।

# दीघा में नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर का आज लोकार्पण, तैयारियां पूरी

**पूर्व मेदिनीपुर :** बंगाल सरकार की ओर से पुरी की तर्ज पर पूर्व मेदिनीपुर जिले के समुद्र तटीय पर्यटन शहर दीघा में नवनिर्मित भव्य जगन्नाथ मंदिर का बुधवार को अक्षय तृतीया के दिन लोकार्पण (प्राण प्रतिष्ठा) होगा, जिसके लिए तैयारियां पूरी हो चुकी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मंदिर का लोकार्पण करेंगी। तैयारियों का जायजा लेने ममता सोमवार को ही दीघा पहुंच चुकी हैं। लोकार्पण से पहले ममता मंगलवार को मंदिर परिसर में महायज्ञ अनुष्ठान में शामिल हुईं। ममता ने महायज्ञ में आहुति दी। बता दें कि नवनिर्मित मंदिर में शुक्रवार से ही मांगलिक अनुष्ठान शुरू हो गया था। सोमवार को महायज्ञ शुरू हुआ था, जिसकी मंगलवार की शाम में पूर्णाहूति हुई। एक अधिकारी ने बताया कि महायज्ञ में करीब 100 क्विंटल आम व बेल की लकड़ी तथा दो क्विंटल घी का इस्तेमाल किया गया। ममता इस महायज्ञ की यजमान थीं। इस दौरान ममता ने कहा कि यहां सभी धर्मों और जातियों के लोग आए हैं। हर कोई हमारा मेहमान है। धर्म सिर्फ उपदेश व प्रचार की चीज नहीं है। इसे दिल में रखना होता है। मैं सभी के लिए प्रार्थना कर रही हूं। आज देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस दौरान कई अनुष्ठान होंगे। एक अधिकारी ने बताया कि अनुष्ठान के लिए विभिन्न तीर्थ स्थलों से पवित्र जल पहले ही मंदिर में लाया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को बताया कि लोकार्पण कार्यक्रम दोपहर 2.30 बजे शुरू होगा। मंदिर के दरवाजे दोपहर तीन बजे खुलेंगे। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। लोकार्पण समारोह में बड़ी संख्या में तृणमूल के सांसदों, विधायकों व मंत्रियों से लेकर फिल्मी स्टार, उद्योगपतियों सहित विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गज मौजूद रहेंगे। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली, उनकी पत्नी डोना व अन्य स्टार भी दीघा पहुंच चुके हैं। लोकार्पण समारोह के मद्देनजर दीघा में सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं।



## तृणमूल ने वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण समारोह दिखाने की व्यवस्था

इधर, तृणमूल के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर सभी जिलों में पार्टी की स्थानीय इकाइयों द्वारा बड़े पैमाने पर बड़ी एलईडी स्क्रीन पर जगन्नाथ मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को दिखाने की व्यवस्था की गई है। मंगलवार को महायज्ञ अनुष्ठान से ही एलईडी पर सीधा प्रसारण दिखाने की शुरुआत हो गई। राज्य सरकार व तृणमूल ने दीघा मंदिर के लोकार्पण कार्यक्रम का बड़े पैमाने पर प्रचार-प्रसार किया है और सभी जिलों के कोने-कोने में पहले ही इसके पोस्टरों- बैनरों से पाट दिया गया है।

## बजबज ईएसआई अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के बजबज ईएसआई अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग में सोमवार की रात आग लग गई। अग्निशमन विभाग और अस्पताल का प्रारंभिक आकलन है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। बाद में, आग कम्प्यूटर कक्ष तक फैल गई। अस्पताल के सभी बिजली कनेक्शन अस्थायी रूप से काट दिए गए। हालांकि, आग अस्पताल की दूसरी मंजिल पर स्थित पैथोलॉजी विभाग में लगी थी, लेकिन इसका धुआं ऊपरी मंजिलों तक भी पहुंचने लगा। इससे पहले कि वे कुछ समझ पाते, मरीजों और उनके परिवारों में दहशत फैल गया। मरीज और उनके परिवारवालों को अस्पताल कर्मचारियों ने तुरंत नीचे उतार लिया। अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया और दो इंजनों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। एसडीपीओ कमरुज्जमां मोल्ला और महेशतला थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। इसके अलावा, स्थानीय तृणमूल पार्षद सुकांत बेरा भी घटनास्थल पर पहुंचे और अस्पताल कर्मचारियों के साथ बचाव अभियान में शामिल हुए। पूरी घटना में हुए नुकसान का पता नहीं चल पाया है, क्योंकि रात भर अस्पताल प्राधिकारियों से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। हालांकि, पार्षद के अनुसार, किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

## न्यू बैरकपुर में लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी, आरोपी दंपति फरार

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यू बैरकपुर में लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। करीबन 50 परिवारों ने लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। आरोप है कि न्यू बैरकपुर नगरपालिका के 16 नंबर वार्ड के निवासी मांता पोद्दार और उनके पति संजय पोद्दार ने इलाके के कई लोगों से लोन दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी की। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, यह दंपति लंबे समय से इस धोखाधड़ी के खेल में शामिल थे। चूंकि वे लोन दिलवाने के लिए प्रसिद्ध थे, लोग अक्सर छोटे पैसों के लिए इनके पास लोन लेने जाते थे। इसके बाद, वे सभी दस्तावेज एकत्र कर एक या एक से अधिक लोगों के नाम पर लोन पास करवा लेते थे, जिसका लोगों को तुरंत कोई आभास नहीं होता था, लेकिन बाद में उन्हें पता चलता था कि उनके नाम पर लोन लिया गया है। हाल ही में कई परिवारों ने यह जाना कि उनके नाम पर बैंक के जरिए कई लोन लिए गए हैं, जिन्हें अब उन्हें चुकाना होगा। इसके बाद इन परिवारों ने न्यू बैरकपुर थाना में जाकर विरोध प्रदर्शन किया। सोमवार रात को इन परिवारों ने इस मामले में दंपति के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, लेकिन अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। आरोपित दंपति फरार हैं।

## हाई कोर्ट ने कांथी में शुभेंदु अधिकारी को सनातनी हिंदू सम्मेलन की दी सशर्त अनुमति

❑ **राज्य सरकार ने एकल पीठ के फैसले खिलाफ डिवीजन बेंच का किया रुख**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व मेदिनीपुर जिले के दीघा में पुरी के तर्ज पर बने भगवान जगन्नाथ मंदिर के लोकार्पण के दिन बुधवार को ही कलकत्ता हाई कोर्ट की एकल पीठ ने कांथी में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को 'सनातनी हिंदू सम्मेलन' आयोजित करने की अनुमति दे दी है। अब ममता सरकार एकल पीठ के उस आदेश को चुनौती देने के लिए खंडपीठ का दरवाजा खटखटाई है। बुधवार के सम्मेलन में मुख्य वक्ता राज्य के नेता प्रतिपक्ष और नंदीग्राम के विधायक शुभेंदु अधिकारी है। बता दें कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बुधवार को दीघा में जगन्नाथ मंदिर का लोकार्पण करेंगी। उसी दिन, एक हिंदुत्व संगठन ने उसी जिले के कांथी में 'सनातनी हिंदू सम्मेलन' आयोजित करने के लिए, पुलिस से अनुमति मांगी थी। पुलिस द्वारा अनुमति देने से इन्कार करने के बाद उन्होंने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने मंगलवार को कार्यक्रम की अनुमति दे दी। हालांकि, उन्होंने कार्यक्रम के लिए शर्तें भी तय कीं। न्यायाधीश ने कहा कि यह बैठक तीन हजार लोगों के साथ हो सकती है। निर्धारित संख्या से अधिक लोगों के एकत्र होने की अनुमति नहीं है। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह इस मामले की सुनवाई में न्यायमूर्ति घोष ने राज्य का पक्ष जानना चाहा था। हालांकि, राज्य ने 30 अप्रैल को इस कार्यक्रम पर आपत्ति जताई थी। मामले की सुनवाई सोमवार को जस्टिस घोष की अदालत में हुई। राज्य सरकार ने बताया कि उस दिन मुख्यमंत्री का कार्यक्रम है। यह एक बड़ी घटना है। विभिन्न 'वीवीआईपी' अतिथि आएंगे। सुरक्षा कारणों से वहां बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों की आवश्यकता है। इस स्थिति में उसी दिन कांथी में बैठक आयोजित करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। परंतु, वादी के वकील बिलवादल भट्टाचार्य ने राज्य की आपत्ति पर सवाल उठाया। उन्होंने दीघा से कांथी की दूरी का मुद्दा अदालत के ध्यान में लाया। उन्होंने कहा कि भले ही वे एक ही जिले में हैं, लेकिन दीघा से कांथी की दूरी काफी लंबी है। सोमवार को लंबी सुनवाई के बाद जज ने निर्देश सुरक्षित रख लिया था। इसके बाद, उन्होंने मंगलवार को सशर्त अनुमति दे दी। राज्य ने उस आदेश को खंडपीठ के समक्ष चुनौती दी है।

## शाहजहां के खिलाफ जांच रिपोर्ट पेश करने में विफल रही सीबीआई, हाई कोर्ट में सुनवाई टली

❑ **सात दिनों में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक साल पहले ईडी अधिकारियों पर हुए हमले के सिलसिले में संदेशखाली के निष्कासित तृणमूल नेता शेख शाहजहां के खिलाफ हुई अब तक की जांच की रिपोर्ट मांगी है। हाई कोर्ट ने सीबीआई को अगले सात दिनों के भीतर मामले पर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने केंद्रीय जांच दल को एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है और मामले पर अगली सुनवाई सात मई को निर्धारित की गई है। सीबीआई ने मंगलवार को अदालत को बताया कि इस मामले की जांच से कुछ महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। वे अदालत के समक्ष एक विस्तृत जांच रिपोर्ट पेश करना चाहते हैं। इसके बाद न्यायमूर्ति घोष ने सीबीआई को एक सप्ताह का समय दिया। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 2024 में पांच जनवरी को ईडी के अधिकारी राशन भ्रष्टाचार की जांच के लिए शाहजहां के संदेशखाली स्थित घर गए थे। वहां ग्रामीणों के एक वर्ग ने उन पर हमला कर दिया। यद्यपि कुछ लोग दावा करते हैं कि सभी हमलावर शाहजहां के साथी थे। कुछ दिनों बाद राज्य पुलिस ने इस घटना में शाहजहां को गिरफ्तार कर लिया। बाद में मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई। शाहजहां के वकील ने हाल ही में उस मामले में जमानत की मांग करते हुए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। शाहजहां के वकील ने बताया कि उनका मुवक्किल उस मामले में पिछले 15 महीने से जेल में है। आरोपों की सच्चाई साबित नहीं हुई है। उसे जमानत दी जानी चाहिए। हालांकि शाहजहां की जमानत का विरोध करते हुए सीबीआई ने कहा कि इस मामले की जांच के दौरान कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां हाथ लगी हैं। वे जल्द ही अदालत को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपेंगे।

## फर्जी पासपोर्ट मामले में गिरफ्तार बांग्लादेशी असल में है 'पाकिस्तानी', ईडी ने कोर्ट को बताया

**कोलकाता, समाज्ञा :** फर्जी पासपोर्ट मामले में पिछले दिनों उत्तर 24 परगना जिले के बिराटी से गिरफ्तार आजाद मल्लिक नामक आरोपित असल में पाकिस्तानी है। यह दावा ईडी ने मंगलवार को कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान किया। बता दें कि ईडी ने इस महीने की शुरुआत में आजाद को उत्तर 24 परगना के बिराटी से गिरफ्तार किया था। शुरू में, पता चला कि आरोपित आजाद बांग्लादेशी है। हालांकि, केंद्रीय जांच एजेंसी के वकील भास्कर बनर्जी ने अदालत को बताया कि ईडी की हिरासत में हुई जांच में पता चला है कि आजाद बांग्लादेशी नहीं है। वह वास्तव में एक पाकिस्तानी नागरिक है। उसने अपनी पाकिस्तानी पहचान छिपाने के लिए बांग्लादेशी पहचान का इस्तेमाल कर रहा था। ईडी के वकील ने अदालत को बताया कि आरोपित करीब 12-13 साल पहले बांग्लादेश के रास्ते भारत में घुसा था। उसने अपनी पहचान बदलकर इस देश से वीजा के लिए आवेदन किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अदालत में यह भी दावा किया कि आरोपित ने दो वोटर कार्ड और कई ड्राइविंग लाइसेंस जाली बनाए थे। ईडी का दावा है कि आरोपित को प्रत्येक देश में एक ही नाम से जाना जाता है। उसके चार जन्म प्रमाण पत्र भी मिले हैं। जांच एजेंसी के सूत्रों के अनुसार, भारत में गिरफ्तार आजाद मल्लिक को बांग्लादेश में अहमद हुसैन आजाद के नाम से जाना जाता था। फिर, पाकिस्तान में उसका नाम आजाद हुसैन था। ईडी ने कोर्ट को बताया कि आरोपित से संबंधित बैंक खाते से 2.62 करोड़ रुपये बरामद किए गए हैं। अपनी दलीलों के दौरान ईडी के वकील ने राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठाए।

**Name Change**

I, Jayshree Mahidhar (old name) wife of Bipin Lakshmidas Mahidhar, residing at PRIMARC ASPIRA FLAT-2D, 30 NAKULESHWAR BHATTACHARJEE LANE, MANOHARPUKUR, KALIGHAT, KOLKATA, PIN- 700026, West Bengal, INDIA, have changed my name and shall henceforth be known as Jayshree Bipin Mahidhar (New Name) as declared before the Notary Public at Kolkata, dated 29/04/2025. Jayshree Bipin Mahidhar (New Name) and Jayshree Mahidhar (old name) both are same and identical person.

I, Bipin Mahidhar (old name) son of Late Lakshmidas Mahidhar, residing at PRIMARC ASPIRA FLAT-2D, 30 NAKULESHWAR BHATTACHARJEE LANE, MANOHARPUKUR, KALIGHAT, KOLKATA, PIN- 700026, West Bengal, INDIA, have changed my name and shall henceforth be known as Bipin Lakshmidas Mahidhar (New Name) as declared before the Notary Public at Kolkata, dated 29/04/2025. Bipin Lakshmidas Mahidhar (New Name) and Bipin Mahidhar (old name) both are same and identical person.

## लिलुआ में आग में झुलसकर गुजराती महिला की मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के लिलुआ में मंगलवार को आग में झुलसकर एक गुजराती महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान अमृता जेठानी (40) के रूप में की गई है। बताया गया है कि अमृता जेठानी नाम की गुजराती महिला लिलुआ में स्टेशन रोड स्थित शांतिनगर के आवास संख्या 12 के भूतल पर रहती थी। स्थानीय निवासियों के अनुसार, कई वर्ष पहले अपने माता-पिता की मृत्यु के बाद महिला मानसिक विकार से पीड़ित थी। उसके घर में न तो बिजली का कनेक्शन था और न ही खाना पकाने के लिए गैस सिलेंडर। वह घर के बाहर बरामदे में कागज, लकड़ी और कोयले से खाना पकाते थे। जानकारी के अनुसार, इस दिन, तड़के वह खाना पकाने के लिए अपने घर में आग जला ली। किसी कारणवश आग की तीव्रता बढ़ गई और वह फैल गई। ऐसा माना जा रहा है कि महिला आग लगने के डर से बचने के लिए जलते हुए घर के अंदर चली गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, वह 80 प्रतिशत जल चुकी थी और फर्श पर पड़ी थी। पुलिस और अग्निशमन विभाग के लोग मौके पर पहुंचे और उसे बचाकर अस्पताल ले गए। जैसे ही यह खबर फैली, पड़ोसी घर से नीचे आ गए, सभी इस घटना से स्तब्ध और चिंतित थे।



## बासंती राजमार्ग पर भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, 10 घायल

❑ **तेज रफ्तार बस ने वैन, साइकिल और बाइक को मारी टक्कर, स्थानीय लोगों का विरोध प्रदर्शन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बासंती राजमार्ग पर मंगलवार को एक तेज रफ्तार यात्री बस ने अचानक नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे खड़ी एक बैटरी चालित वैन, साइकिल और मोटरसाइकिल को जबरदस्त टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में दो व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य लोग घायल हो गए हैं। घायलों में चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा उत्तर 24 परगना के बशीरहाट महकमा अंतर्गत मिनाखां थाना क्षेत्र में स्थित मालंचा नेपाल मोड़ के पास घटित हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सरबेरिया से कोलकाता की ओर जा रही बस (मार्ग संख्या डीएन 16/1) अत्यधिक तेज गति में थी। नेपाल मोड़ के समीप बस चालक ने नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे खड़ी एक वैन, एक साइकिल और एक मोटरसाइकिल को रौंदते हुए बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में एक राहगीर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने व्यक्ति की मौत बाद में हुई। वहीं, 10 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को तत्काल मिनाखां अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चार गंभीर घायलों को कोलकाता रेफर किया गया है। घटना के बाद गुस्साए स्थानीय निवासियों ने बासंती राजमार्ग को जामकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका आरोप है कि यह मार्ग वर्षों से दुर्घटनाओं का गढ़ बन चुका है, लेकिन अब तक न तो प्रशासन ने कोई स्थायी समाधान किया और न ही ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ की। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि इस घनी आबादी वाले क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस या नागरिक स्वयंसेवकों की नियमित तैनाती की जाए। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर हालात को नियंत्रित किया और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया। चालक और खलासी को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस का मानना है कि तेज गति और चालक की लापरवाही इस हादसे का मुख्य कारण रही।



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-03-25, दिनांक 09.04.2025।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंज़िल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के नज़दीक, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या: ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-03-25। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में बाहिरखण्ड-तारकेश्वर स्टेशनों के बीच समपार संख्या 23ए के स्थान पर किमी. 34/4-5 पर नए आरओबी के निर्माण के सम्बन्ध में 25 केवी एसी ओएचई का रूपांतरण। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 49,33,958.50। **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 98,700। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 21 (इक्कीस) महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 02.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरे/स्पेसिफिकेशन के लिए निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा सीधे रद्द कर दिया जायेगा।

(HWH-52/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल विद्युत अभियंता (जी)/चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इन निविदाओं के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रमांक एवं ई-निविदा सूचना सं. तथा तारीख, कार्य का नाम, निविदा मूल्य, ईएमडी** निम्नलिखित हैं: (1) 18-ईएल-डब्ल्यूटी-2025-26, दिनांक: 26.04.2025; चक्रधरपुर मंडल के तहत आवासीय क्वार्टरों तथा अन्य भवनों पर रूफ टॉप आधारित सौर संयंत्रों की स्थापना साथ में मुक्त छत की जगह (दूसरा आमंत्रण); रु. 25,12,47,166.08; रु. 14,06,200/-; (2) 09-ईएल-डब्ल्यूटी-2025-26, दिनांक: 26.04.2025; चक्रधरपुर मंडल के तहत विद्युत आपूर्ति प्रणाली की वृद्धि, उन्नयन एवं सुधार तथा एससीएडीए के साथ अन्य कार्य; रु. 1,10,98,921.00; रु. 2,05,500/-; **निविदा दस्तावेज की कीमत (रु. में):** दोनों के लिए शून्य। **बंद/खुलने की तारीख:** दोनों के लिए 30.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे; निविदाएं वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदातागण के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। ई-निविदा प्रक्रिया में सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदातागण ही भाग ले सकते हैं। **(PR-96)**

**Office of the Municipal Councillors**
**Serampore Municipality**
1, N. S. Avenue, Serampore, Dist.: Hooghly, Pin: 712201

**Notice Inviting e-Tender**

e-Tender of the following works are invited by Chairman, Serampore Municipality from experienced and resourceful, GST registered bidders for execution the works vide **NIT No- WBMAD/ULB/SRMP/NIT-05/2025-26, Dated:-29/04/2025,** Name of Works- Reconstruction of Concrete Road at Serampore Housing Estate near House of Doctor Raja, Sankar Das and Guddu at Ward No 24 Under Serampore Municipality. Bid Submission Start date (online) : **29/04/2025 at 14.00 P.M.** Bid Submission Closing (online) : **19/05/2025 at 16.00 P.M.** Bid opening Date for Technical proposals (online) : **21/05/2025 at 16.00 P.M.** For details of the project go through http://wbtenders.gov.in and www.seramporemunicipality.net/tenders

Sd/-
Chairman
Serampore Municipality

## बशीरहाट में दो हथियार तस्कर गिरफ्तार, 252 कारतूस और दो पिस्तौल बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने सोमवार की देर रात बशीरहाट थाना अंतर्गत शिशोना दासपाड़ा इलाके में छापेमारी कर दो अंतरराज्यीय हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से भारी मात्रा में जिंदा कारतूस और दो सेमी-ऑटोमेटिक पिस्तौल बरामद की गई हैं। कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बशीरहाट थाना अंतर्गत चोटो जीरकपुर निवासी दिप्तजीत सेन (29) और काजल मुखर्जी (40) के रूप में हुई है। दोनों से पूछताछ में पता चला कि उन्होंने अपने-अपने घरों में अवैध हथियार और कारतूस छिपा रखे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सूचना के आधार पर एसटीएफ की टीम सबसे पहले दिप्तजीत सेन के घर पहुंची। उसकी निशानदेही पर एक पिस्तौल और बड़ी मात्रा में जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके बाद, टीम ने काजल मुखर्जी के घर छापेमारी की, जहां से एक और पिस्तौल और कई कारतूस जब्त किए गए। मौके से दो सांत मिमी सेमी-ऑटोमेटिक पिस्तौल, 132 राउंड 7.65 मिमी जिंदा कारतूस, 115 राउंड 0.32 बोर के जिंदा कारतूस, पांच राउंड नौ मिमी जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। तीनों प्रकार के कारतूसों की कुल संख्या 252 है। एसटीएफ की शिकायत पर बशीरहाट थाना में दोनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।



## पत्नी और बच्चों पर चाकू से हमला करने के आरोपी पति को दस साल की सजा

**हुगली, समाज्ञा :** दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित करना और उसकी व दूध पीते बच्चे की हत्या की कोशिश करने के आरोपी पति को मंगलवार को दस साल की जेल की सजा सुनाई गई है। चुंचुड़ा की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सजा का ऐलान किया। उल्लेखनीय है कि जिले के मोगरा थाना अंतर्गत बांसबेरिया के गंगा जूट मिल क्षेत्र निवासी ज्योति राजभर की शादी 2018 में संदीप पाशी से हुई थी। शादी के बाद से ही संदीप अपनी पत्नी को दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहा था। दम्पति के दो बेटे हैं, जिनकी उम्र साढ़े तीन वर्ष और एक वर्ष है। अदालती सूत्रों के अनुसार, अपनी पत्नी को प्रताड़ित करने के अलावा, उनके पिता अपने दो बच्चों को भी पीटता था। कभी-कभी जब हालात काबू से बाहर हो जाता था तो ज्योति अपने बच्चों के साथ अपने पिता के घर चली जाती थी।19 मई, 2023 को अशांति के दौरान संदीप ने अपनी पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया था। उसने दोनों बच्चों के गले और सीने पर भी चाकू से वार किया था। जब ज्योति की मां अपने पोते-पोतियों को बचाने गईं तो संदीप ने उन पर भी चाकू से हमला कर दिया। पड़ोसियों ने चारों लोगों को लहूलुहान हालत में चुंचुड़ा इमामबाड़ा अस्पताल में भर्ती कराया। मोगरा थाना पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ धारा 498, 307 और 326 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सरकारी वकील अमिया सिंह रॉय ने बताया कि इस मामले में 10 लोगों की गवाही हुई। संदीप पाशी हुगली जेल में कैद है। वहां से उन्हें वस्तुतः अदालत में लाया गया। अदालत ने उसे दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

शुद्धिपत्र-1 खुली निविदा सूचना सं. एस एंड टी/वर्क्स/26-2024 के तहत

**कार्य का नाम:** केएनएपी और केएमयूके से मेट्रो रेलवे सुरंग की भारी मरम्मत और पुनर्वास के संबंध में दूरसंचार कार्य और सेवा भवनों एवं केकेएचजी, केईएसपी और केसीडब्ल्यूसी का विस्तृत नवीनीकरण। आइटम को "एनआईटी हेडर (फाइल किए गए नाम: कार्य का नाम, बयाना राशि (आईएनआर), विज्ञापित मूल्य (आईएनआर))" और "एनआईटी अनुसूची (कोड: अनुसूची-ए, आइटम मात्रा: आइटम-1 और आइटम-3)" के अंतर्गत संशोधित किया गया है। नए आइटम "एनआईटी अनुसूची (अनुसूची-ए, क्रम सं. 14 और क्रम सं. 15) एवं "आइटम ब्रेकअप (अनुसूची-ए, क्रम सं. 14)" के अंतर्गत जोड़े गए हैं। "एनआईटी अनुसूची (अनुसूची-ए, क्रम सं. 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13)" के अंतर्गत आइटम हटा दिए गए हैं। विस्तृत जानकारी के लिए देखें: www.ireps.gov.in

उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर/टेली

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**Office of the Municipal Councillors**
**Serampore Municipality**
1, N. S. Avenue, Serampore, Dist.: Hooghly, Pin: 712201

**Notice Inviting e-Quotation**

e-Quotation of the following works are invited by Chairman, Serampore Municipality from experienced and resourceful, GST registered bidders for execution the works vide **NIQ No:- WBMAD/ULB/SRMP/NIQ-03/2024-25 (2nd call), Date: 29/4/2025,** Name of Work- Supply of 60 & 30 Liter volume community PVC made Green and Blue Waste Bins. Bid Submission Start date (online) : **29/04/2025 at 01.00 P.M.** Bid Submission Closing (online) : **14/05/2025 at 14.00 P.M.** Bid Opening Date for Technical Proposals (online) : **16/05/2025 at 14.00 P.M.** For details of the project go through http://wbtenders.gov.in and www.seramporemunicipality.net/tenders

Sd/-
Chairman
Serampore Municipality

## हावड़ा डिवीजन की शताब्दी समारोह के तहत पर्यावरण जागरूकता अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन अपनी शताब्दी वर्षगांठ के मौके पर विभिन्न सामुदायिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इन गतिविधियों की देखरेख डीआरएम संजीव कुमार द्वारा की जा रही है। मंगलवार को गुलमोहर रेलवे कॉलोनी में एक भव्य प्रभात फेरी का आयोजन हुआ, जिसमें रेलवे कर्मचारी, उनके परिवार और स्थानीय लोग शामिल हुए। यह प्रभात फेरी शताब्दी समारोह के प्रचार-प्रसार और सामूहिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। इस दौरान देशभक्ति के नारे लगाए गए, पर्चे वितरित किए गए, वृक्षारोपण किया गया और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाले बैनर और शताब्दी-विशेष संदेश प्रदर्शित किए गए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हावड़ा डिवीजन की ऐतिहासिक धरोहर से जुड़ाव और गर्व की भावना को सशक्त बनाना था। प्रभात फेरी के साथ ही गुलमोहर कॉलोनी में स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण कार्यक्रम भी चलाए गए, जिससे पर्यावरण सुरक्षा और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा मिला। हावड़ा डिवीजन की शताब्दी समारोह के तहत यह कार्यक्रम विशेष रूप से सामुदायिक सक्रियता, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और रेलवे सेवा के 100 वर्षों के समर्पण का सम्मान करने के लिए आयोजित किया जा रहा है।




## आधे घंटे तूफान ने मचाई तबाही, तहस नहस हुई फसल

**हुगली, समाज्ञा :** सिर्फ आधे घंटे के कालबैशाखी तूफान ने सिंगुर के गोपालनगर ग्राम पंचायत के अंतर्गत देवानभेरी, सिंहेरभेरी, पायराओड़ा, बाबुरभेरी समेत विस्तीर्ण इलाकों को तहस-नहस कर दिया। तेज आँधी और ओलावृष्टि से खेतों की खड़ी फसलें चौपट हो गईं। पके हुए धान, तिल, जूट, करेला, झिंगा, कुमड़ा समेत लगभग सभी फसलें बर्बाद हो गईं। किसानों ने अपनी बर्बादी पर माथे पर हाथ रख लिया। वे गहरे संकट में हैं। तूफान की तीव्रता इतनी अधिक थी कि गांवों में कई जगह बिजली के खंभे गिर पड़े और विद्युत सेवा पूरी तरह ठप हो गई। किसानों ने क्षतिपूर्ति की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सोमवार की इस तबाही ने अम्फान तूफान के समय हुए नुकसान को भी पीछे छोड़ दिया। गोपालनगर ग्राम पंचायत क्षेत्र की लगभग 700 हेक्टेयर भूमि पर फसलों को नुकसान पहुंचा है। विभिन्न गांवों में बिजली के खंभे टूटकर गिर पड़े हैं। 150 से अधिक टाइल की छत वाले मकान भी ढह गए हैं। बिजली नहीं होने के कारण पीने के पानी की समस्या गंभीर रूप ले सकती है, जिसे लेकर प्रशासन चिंता में है।

कल रात अचानक आए कालबैशाखी तूफान और ओलावृष्टि ने पोलवा-दादपुर के कई खेतों में तैयार खड़ी फसलों को तहस-नहस कर दिया।

पके हुए धान की बालियां टूटकर गिर पड़ीं। तिल और पटसन के पौधे भी नष्ट हो गए। बीघा दर बीघा जमीन पर नुकसान हुआ। बिरेन्द्रनगर के किसान गोविंद कोले ने बताया कि उन्होंने 19 बीघा में धान और 9 बीघा में तिल की खेती की थी। साथ ही झिंगा, खीरा और बैंगन की भी फसल लगाई थी। ओलावृष्टि में सब कुछ तबाह हो गया। करीब तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। अब समझ में नहीं आ रहा कि इस क्षति की भरपाई कैसे होगी। एक अन्य किसान जगन्नाथ ने कहा कि खेतों में अब धान जैसा कुछ नहीं बचा। कल रात भारी मात्रा में ओले गिरे, जिससे सारी फसल नष्ट हो गई। अब इस नुकसान की भरपाई कैसे होगी, ये सोचकर ही डर लग रहा है। ब्लॉक कृषि अधिकारी और प्रशासन के अन्य अधिकारी नुकसान का आकलन कर रहे हैं। जिन किसानों ने फसल का बीमा करवाया है, उन्हें बीमा राशि मिलेगी। लेकिन जिनकी फसलें बीमा के दायरे में नहीं हैं, उनके लिए क्षतिपूर्ति कैसे होगी। वे लोग सरकार से मुआवजे की मांग कर रहे हैं।



**इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई)**

**एमआरआई और अन्य रेडियोलॉजिकल जांच के लिए टाई-अप**

सं.: मेड/एमआरआई एंड रेडियोलॉजी-इन्वेस-टाई-अप/बीआरएसएच/ईओआई/2025 दिनांक: 28.04.2025

कोलकाता के निजी/सरकारी केंद्र/अस्पताल से वास्तविक बिल भुगतान प्रणाली के आधार पर एमओयू (समझौता ज्ञापन) के माध्यम से सीजीएचएस की दर पर बी.आर. सिंह अस्पताल, पूर्व रेलवे, सियालदह के रेलवे लाभार्थियों की एमआरआई और अन्य रेडियोलॉजिकल जाँच, जो बी.आर. सिंह अस्पताल, पूर्व रेलवे, सियालदह में नहीं की जाती है, के लिए दो (2) वर्ष हेतु टाई÷अप के लिए इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। सियालदह मंडल के चिकित्सा विभाग के तहत पूर्व रेलवे की वेबसाइट पर ईओआई दिनांक **25.04.2025** को अपलोड किया गया है। इच्छुक डायग्नोस्टिक सेंटर/अस्पताल पूर्व रेलवे की वेबसाइट पर अपलोड किए गए नियमों और शर्तों के साथ अनेक्सर-ए से सी के अनुसार उक्त टाई-अप में भाग ले सकते हैं।

पूर्व रेलवे की वेबसाइट पर अधिसूचना का लिंक नीचे दिया गया है: **https://er.indianrailways.gov.in/view_section.jsp?lang=0&id=0,6,442,462,467,2223**

चिकित्सा निदेशक, बी. आर. सिंह अस्पताल, सियालदह

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## न्यूज इन ब्रीफ

### राजस्थान में बाघों का कुनबा बढ़ा, तीन दिन में जन्मे दस शावक

**जयपुर:** राजस्थान के वन्यजीव अभयारण्यों में बीते तीन दिन में बाघिनों ने दस शावकों को जन्म दिया है। राज्य के वन मंत्री संजय शर्मा ने मंगलवार को बताया कि बीते 72 घंटे के दौरान सरिस्का बाघ अभयारण्य (अलवर) में तीन, रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान (सवाई माधोपुर) में दो और नाहरगढ़ जैविक उद्यान (जयपुर) में पांच शावकों का जन्म हुआ। उन्होंने बताया कि इन नवजात शावकों के साथ सरिस्का में बाघों की संख्या अब 44 हो गई है, जो अब तक की सबसे अधिक है। वहीं रणथंभौर में बाघों की संख्या 72 हो गई है। मंत्री ने बताया कि इसे राज्य में वन्यजीव संरक्षण और बाघ संरक्षण की दिशा में जारी प्रयासों में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

### बिहार में रेलवे स्टेशन पर लड़की के यौन उत्पीड़न के तीन आरोपी मुठभेड़ में घायल

**गोपालगंज:** बिहार के गोपालगंज जिले में रेलवे स्टेशन पर एक लड़की का यौन उत्पीड़न करने के आरोपी तीन लोग पुलिस के साथ कथित मुठभेड़ में घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एक आरोपी को कुचायकोट थाना क्षेत्र के बिंद टोला से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उसे साथ लेकर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने गई थी। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया,'वे बिंद टोला भी गए, जहां दो अन्य आरोपी छिपे हुए थे। पुलिस को देखते ही दोनों ने गोलीबारी शुरू कर दी। पहले गिरफ्तार किया गया आरोपी पुलिस की वैन में था, लेकिन अपने साथियों को गोली चलाते देख उसने एक पुलिसकर्मी से बंदूक छीन भागने की कोशिश की।' उन्होंने कहा, 'अंत में पुलिसकर्मियों ने आत्मरक्षा में गोली चलाई और तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। तीनों के पैरों में मामूली चोट पहुंची है। उन्हें हिरासत में ले लिया गया है।'

### आजमगढ़ से वाराणसी जा रही एक यात्री बस में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**वाराणसी:** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में मोहाव के निकट मंगलवार को आजमगढ़ से आ रही एक यात्री बस में आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के बाद बस में सवार यात्री सुरक्षित बचने के लिए वाहन से कूद गए। उन्होंने बताया कि ओवरब्रिज पार करते समय बस में अचानक आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि बस चालक द्वारा इंजन के अधिक गर्म होने की सूचना मिलने पर कंडक्टर ने यात्रियों को तुरंत बस से उतरने को कहा और जैसे ही आग की लपटें वाहन में फैलीं, यात्री घबराकर बस से कूद गए।

# आतंकी हमले पर सपा नेताओं के बयान पाकिस्तानी प्रवक्ता जैसे लग रहे हैं: योगी आदित्यनाथ

### कांग्रेस और सपा के कार्यकाल के दौरान उनके एजेंडे में देश व आम जनता नहीं थी: योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आरोप लगाया कि 2014 से पहले कांग्रेस के एजेंडे में देश नहीं था और राज्य में 2017 से पहले समाजवादी पार्टी (सपा) के एजेंडे में आम जनता नहीं थी। आदित्यनाथ ने गोरखपुर के चरगांवां में 9.89 करोड़ रुपये की लागत से 200 टन प्रति दिन (टीपीडी) क्षमता वाले कूड़ा स्थानांतरण स्टेशन (जीटीएस) के उद्घाटन के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, 2014 से पहले सरकार (कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) के एजेंडे में देश नहीं था और 2017 से पहले राज्य में सरकार (सपा) के एजेंडे में आम जनता नहीं थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके (कांग्रेस और सपा) द्वारा हर काम को वोट के नजरिए से देखा जाता था इसलिए देश और प्रदेश की जो दुर्गति हुई है, वह सबके सामने है।



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि आतंकी हमले पर सपा नेताओं के बयान पाकिस्तान प्रवक्ता के लग रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को देवरिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमला का जिक्र करते हुए यह टिप्पणी की। पहलगाम के बैसरन में हुए जघन्य हमले में 26 लोगों की मौत हो गयी, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने सभा के दौरान 676 करोड़ की 501 परियोजनाओं में से 341 परियोजनाओं का लोकार्पण और 160 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर समाजवादी पार्टी के नेताओं के काफी शर्मनाक बयान सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि सपा नेताओं के बयान से यह पता लगाने में काफी मुश्किल हो रही है कि वह सपा के नेता का बयान है या फिर पाकिस्तान का प्रवक्ता बयान दे रहा है।

### राजस्थान: आने वाले दिनों में लू से राहत मिलने की संभावना

**जयपुर:** राजस्थान के जैसलमेर में मंगलवार को अधिकतम तापमान 46.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में आंधी-बारिश के प्रभाव से तापमान में तीन से चार डिग्री गिरावट होने और दो मई से लू से राहत मिलने के संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, जैसलमेर में अधिकतम तापमान 46.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि फलोदी में अधिकतम तापमान 45.8 डिग्री, बाड़मेर में 45.7 डिग्री, बीकानेर-गंगानगर में 44.2 डिग्री, जोधपुर में 44 डिग्री, चूरू में 43.3 डिग्री, कोटा में 43.1 डिग्री, डबोक-भीलवाड़ा में 42.9 डिग्री, जालौर में 42.3 डिग्री सेल्सियस और अन्य प्रमुख स्थानों पर 37.1 से लेकर 41.8 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। विभाग ने बताया कि फलोदी में न्यूनतम तापमान 31.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं राज्य के अन्य प्रमुख स्थानों पर रात का तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस से लेकर 28.4 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

## राहुल गांधी की 'नेतागीरी' में कांग्रेस पिछले 11 वर्ष में 50 से ज्यादा चुनाव हारी : केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल की 'नेतागीरी' में पार्टी पिछले 11 वर्ष में 50 से ज्यादा चुनाव हारी है। राहुल गांधी, रायबरेली और अमेठी के दो दिवसीय दौरे पर हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कांग्रेस का 'शाही परिवार' दस वर्ष तक देश के प्रति जवाबदेह बनने के बजाय डॉ. मनमोहन सिंह सरकार को रिमोट कंट्रोल से 'हांकता' रहा। उन्होंने कहा, आखिरकार मनमोहन सिंह सरकार का जब पतन हुआ तब से राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पिछले 11 वर्ष में 50 से अधिक चुनाव हारी। मौर्य ने कहा कि अब और बदनामी से बचने के लिए सबसे पुरानी पार्टी ने अपने भविष्य का भार अपने सबसे बुजुर्ग नेता (मल्लिकार्जन खरगे) पर डाल दिया। शाही परिवार उन्हें तब निर्देश दे रहा है जब वे सांस लेने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली और अमेठी के दो दिवसीय दौरे की शुरुआत की। राहुल ने रायबरेली में वंचितों को सौर ऊर्जा से चलने वाली गाड़ियां वितरित कीं। राहुल बुधवार को शुभम द्विवेदी के शोक संतप्त परिजनों से मिलने कानपुर जाएंगे।

### नीट की तैयारी के लिए 20 दिन पहले आए छात्र ने खुदकुशी की; इस साल 13वां मामला

**कोटा:** कोटा में 16 वर्षीय एक मेडिकल अभ्यर्थी ने नीट (मेडिकल प्रवेश परीक्षा) की तैयारी के लिए यहां एक कोचिंग संस्थान में दाखिला लेने के महज 20 दिन बाद अपने छात्रावास के कमरे में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह इस साल देश के कोचिंग हब कहे जाने वाले कोटा में छात्र द्वारा आत्महत्या का 13वां मामला है। पुलिस के अनुसार, बिहार के कटिहार जिले का निवासी तमीम इकबाल सोमवार शाम तलवंडी क्षेत्र स्थित अपने छात्रावास के कमरे में पंखे से लटका मिला। जवाहर नगर के क्षेत्राधिकारी रामलक्ष्मण ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है और आत्महत्या के पीछे की वजह का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सोमवार रात कई बार दरवाजा खटखटाने के बावजूद जब छात्र ने दरवाजा नहीं खोला तो छात्रावास के एक कर्मचारी ने पुलिस को सूचना दी।

## विकसित राजस्थान के लक्ष्य को पाने में केन्द्र सरकार का भरपूर सहयोग मिल रहा: मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को कहा कि बिजली तंत्र और शहरी बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार को केन्द्र से भरपूर सहयोग मिल रहा है। शर्मा ने केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल के साथ यहां केंद्र द्वारा वित्तपोषित शहरी विकास योजनाओं की समीक्षा की। शर्मा ने समीक्षा बैठक में कहा कि राज्य सरकार 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है, जिसमें ऊर्जा एवं नगरीय विकास विभाग की अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बिजली तंत्र और शहरी बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए केन्द्र सरकार से राज्य सरकार को भरपूर सहयोग मिल रहा है। आधिकारिक बयान के अनुसार, शर्मा ने बताया कि 'डबल इंजन' सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को सफलतापूर्वक धरातल पर उतार रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केन्द्र और राज्य सरकार की संयुक्त परियोजनाओं को समन्वय के साथ समयबद्ध रूप से पूरा करें। वहीं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा खासतौर से अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य में बेहतरीन काम किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'पीएम कुसुम योजना' और 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' में राज्य सरकार ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम द्वारा दिसम्बर माह तक 355 करोड़ रूपये से अधिक का लाभ अर्जित करने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## वाराणसी में सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**वाराणसी:** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले की एक अदालत ने 19 वर्षीय युवती से कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी की जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। सरकारी वकील मनोज गुप्ता ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक अदालत) कुलदीप सिंह ने मामले के संबंध में आरोपी अनमोल गुप्ता की जमानत याचिका खारिज कर दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में वाराणसी के अपने दौरे के दौरान मामले की विस्तृत जानकारी मांगी थी और अधिकारियों को सख्त व तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। एक अधिकारी ने बताया कि दुष्कर्म पीड़िता ने छह अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई थी और आरोप लगाया था कि 29 मार्च से चार अप्रैल के बीच कई स्थानों पर 23 लोगों ने उससे सामूहिक दुष्कर्म किया था। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था, जिसमें 70(1) (सामूहिक दुष्कर्म), 74 (यौन हमला), 123 (जहर या अन्य तरीकों से नुकसान पहुंचाना), 126(2) (गलत तरीके से रोकना), 127(2) (गलत तरीके से बंधक बनाना) और 351(2) (आपराधिक धमकी) शामिल हैं। आरोपी के परिवार के सदस्यों ने वाराणसी पुलिस आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपा था, जिसमें आरोप लगाया था कि महिला मामले से नाम वापस लेने के लिए रुपयों की मांग कर रही है।

## न्यूज अपडेट

### मरीजों का समुचित इलाज सुनिश्चित करें निजी अस्पताल: झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री



**रांची:** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने मंगलवार को निजी अस्पतालों से कहा कि वे मरीजों का समुचित इलाज सुनिश्चित करें और हालत बिगड़ने पर उन्हें राज्य संचालित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) अस्पताल में रेफर करने से बचें। स्वास्थ्य विभाग की एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए अंसारी ने कहा कि वह निजी अस्पतालों में उपचार की ऊंची कीमत के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन यह शुल्क न्यायसंगत होना चाहिए। उन्होंने कहा, लाखों रुपये वसूलने के बाद निजी अस्पताल यह नहीं कह सकते कि अब मरीज को रिम्स भेज दिया जाए। जिन मरीजों को वे भर्ती करते हैं, उनके इलाज की पूरी जिम्मेदारी उनकी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### उत्तर प्रदेश: होने वाले दामाद के साथ फरार हुई सास

**गोंडा:** उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में 25 वर्षीय एक युवक शादी से 10 दिन पहले अपनी होने वाली सास के साथ फरार हो गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। खोड़ारे थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि थानाक्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती की शादी करीब चार महीने पहले बस्ती जिले के दुबौलिया थानाक्षेत्र के एक गांव में तय हुई थी। उन्होंने बताया कि इस बीच युवक और उसकी होने वाली सास के बीच मोबाइल पर बातचीत शुरू हो गई। अधिकारी ने बताया कि शुरू में परिजनों ने इस बात पर गौर नहीं किया लेकिन जब बातचीत का सिलसिला बढ़ा और लड़की की मां व होने वाले दामाद के बीच नजदीकियां दिखने लगीं, तो उन्हें शक हुआ। उन्होंने बताया कि अलीगढ़ की हालिया घटना से सबक लेते हुए लड़की के घर वालों ने तुरंत शादी तोड़ दी और लड़की का रिश्ता कहीं और तय कर दिया लेकिन युवक और महिला के बीच संपर्क बना रहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों ने बेटी की शादी की नई तारीख नौ मई निर्धारित की थी लेकिन उससे पहले ही बीते शनिवार को युवक और महिला लापता हो गए।

### उत्तर प्रदेश सरकार ने भारत-नेपाल सीमा पर सैकड़ों अवैध कब्जे हटाए

**लखनऊ :** भारत-नेपाल सीमा से सटे संवेदनशील जिलों में कई अवैध धार्मिक स्थलों व अतिक्रमण को नष्ट कर दिया गया जबकि बिना मान्यता के संचालित किए रहे मदरसों पर सील लगा दी। एक बयान के मुताबिक अब तक सैकड़ों अवैध अतिक्रमण को हटाया जा चुका है।बयान में कहा गया है कि सरकार ने न केवल कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और सीमा पार से किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर रोक लगाने की रणनीति के तहत यह कार्रवाई की है। बहराइच में भी मंगलवार को प्रशासन की कार्रवाई जारी रही। यहां नानपारा और मिहींपुरवा में अब तक कुल 117 अतिक्रमण हटाए जा चुके हैं। मंगलवार को मोतीपुर क्षेत्र में एक मदरसा दारूल उलूम अजीजिया हदीकतुल नोमान सील कर दिया गया। इससे पहले 28 अप्रैल को चार और मदरसों पर इसी तरह की कार्रवाई की गई थी। बयान के मुताबिक सिद्धार्थनगर जनपद में तीन मस्जिदों और 14 मदरसों को अवैध रूप से निर्मित पाया गया है, प्रशासन ने 28 अप्रैल को नोटिस जारी कर कानूनी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी। बयान के मुताबिक इसी तरह, महाराजगंज के नौतनवां, फरेंदा और निचलौल में कुल 29 अवैध अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं।

### उत्तर प्रदेश: पारदर्शी प्रक्रिया से विभिन्न भर्तियों से 8.5 लाख से अधिक युवाओं को मिली सरकारी नौकरी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के कार्यकाल में निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती नीति के तहत विभिन्न आयोगों और भर्ती बोर्डों के माध्यम से अब तक 8.5 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक, प्रदेश में बेरोजगारी दर में ऐतिहासिक कमी दर्ज की गई है। बयान में बताया गया कि वर्ष 2016 में जहां प्रदेश में बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत थी, वहीं वर्तमान में दर घटकर महज तीन प्रतिशत रह गई है। बयान के मुताबिक, प्रदेश सरकार के सतत प्रयासों के परिणाम स्वरूप बेरोजगारी दर में छह गुना कमी आई है। बयान में बताया गया कि प्रदेश सरकार की निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती नीति के तहत विभिन्न आयोगों और भर्ती बोर्डों के माध्यम से अब तक 8.5 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है।

समाज्ञा

# व्यापार

## निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद



**मुंबई:** वैश्विक स्तर पर तनाव से उपजी चिंताओं के बीच निवेशकों के सतर्क रुख अपना लेने से मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज जैसी प्रमुख कंपनियों में भारी खरीदारी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के प्रवाह ने घरेलू बाजार को समर्थन देने का काम किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 70.01 अंक यानी 0.09 प्रतिशत चढ़कर 80,288.38 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 442.94 अंक बढ़कर 80,661.31 पर पहुंच गया था लेकिन बिकवाली के दबाव में नीचे आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 7.45 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,335.95 अंक पर बंद हुआ। यह शेयर बाजार में तेजी का लगातार दूसरा दिन रहा। सोमवार को सेंसेक्स 1,005.84 अंक उछलकर 80,218.37 और निफ्टी 289.15 अंक बढ़कर 24,328.50 पर बंद हुआ था। मंगलवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, इटरनल (पूर्व में जोमैटो), एचसीएल टेक, इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और बजाज फिनसर्व के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। इसके विपरीत, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में गिरावट का रुख देखा गया। जियोजित इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव को लेकर उपजी भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच सतर्कता के कारण बाजार में काफी हद तक उतार-चढ़ाव देखने को मिला।

### डीवीसी ने हरित ऊर्जा दायित्वों को पूरा करने के लिए एसजेवीएन के साथ समझौता किया

**कोलकाता:** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) ने मंगलवार को कहा कि उसने जलविद्युत स्रोत के लिए एसजेवीएन लिमिटेड के साथ बिजली खरीद समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। डीवीसी ने कहा कि इन समझौतों से हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने और पश्चिम बंगाल तथा झारखंड में उपभोक्ताओं के लिए स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। एसजेवीएन लिमिटेड के सुन्नी बांध और लुहरी स्टेज-1 जलविद्युत परियोजनाओं से बिजली मिलेगी। इससे पहले डीवीसी और एनएचपीसी के बीच इसी तरह के पांच पीपीए पर हस्ताक्षर हुए थे। डीवीसी के सदस्य-सचिव जॉन मथाई ने बताया, 'इन पीपीए का मकसद हमारे वितरण व्यवसाय में हरित ऊर्जा दायित्वों को पूरा करना है।'

## अक्षय तृतीया पर आभूषण बाजार में 16,000 करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान: कैट



**नयी दिल्ली:** सोने की कीमतों में तेज उछाल के बीच अक्षय तृतीया के शुभ दिन घरेलू आभूषण बाजार में सोने और चांदी की खरीदारी में 'मिलाजुला रुख' देखने को मिलेगा। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने मंगलवार को यह अनुमान जताया। अखिल भारतीय आभूषण एवं स्वर्णकार महासंघ के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने 30 अप्रैल को मनाए जाने वाले अक्षय तृतीया पर 16,000 करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान लगाया है। कैट ने एक बयान में कहा, 'इस साल अक्षय तृतीया से पहले देश भर के आभूषण बाजारों में मिलाजुला रुख देखने को मिल रहा है, जिसका मुख्य कारण हाल के हफ्तों में सोने की कीमतों में तेज उछाल है।' फिलहाल सोने की कीमतें एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच चुकी हैं, जबकि पिछले साल अक्षय तृतीया के दिन सोने की कीमत 73,500 रुपये थी। इसी तरह, चांदी के दाम 86,000 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर एक लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई हैं। अरोड़ा ने कहा, ''आमतौर पर अक्षय तृतीया के दिन खरीदारी में उछाल देखने को मिलता है, लेकिन इस साल ऊंची कीमतों ने उपभोक्ता मांग को प्रभावित किया है।' उन्होंने कहा कि इस साल अक्षय तृतीया पर करीब 12 टन सोने की बिक्री होने की उम्मीद है, जिसकी कीमत करीब 12,000 करोड़ रुपये और करीब 400 टन चांदी की बिक्री होने की उम्मीद है, जिसकी कीमत 4,000 करोड़ रुपये है। इस तरह कुल कारोबार करीब 16,000 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि सोने और चांदी की ऊंची कीमतों के कारण ग्राहकों की खरीदारी में थोड़ी कमी आ सकती है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये का कमजोर होना और सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने में निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी ने सोने और चांदी की कीमतों में तेजी ला दी है। इसके अलावा, भू-राजनीतिक तनाव और ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव के चलते भी कीमतें बढ़ी हैं। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया ने कहा कि देश में मौजूदा शादी के मौसम ने आभूषणों की मांग में गिरावट को रोका है।

## पीयूष गोयल ने लंदन में भारत-ब्रिटेन व्यापार गोलमेज सम्मेलन को किया संबोधित




**लंदन:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत-ब्रिटेन व्यापार गोलमेज सम्मेलन को मंगलवार को संबोधित किया। इसमें दोनों देशों के व्यापार जगत के दिग्गज और मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईअसे) ने शिरकत की। गोयल दो दिवसीय यात्रा पर लंदन में हैं। गोलमेज सम्मेलन के बाद गोयल ने कहा,' भारत और ब्रिटेन के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने, नवाचार आधारित विकास को बढ़ावा देने और निवेश के अवसरों का विस्तार करने के अवसरों का उल्लेख किया।'' यह बैठक ब्रिटेन के साथ अधिक सहयोग की संभावनाओं का पता लगाने के लिए सोमवार को व्यापार जगत के दिग्गजों के साथ उनकी बातचीत के बाद हुई। इससे पहले सोमवार को मंत्री ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर जारी वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए ब्रिटेन के व्यापार एवं वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ बैठक की थी। साथ ही वित्त प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करते हुए रेवोल्यूट के प्रमुख मार्टिन गिल्बर्ट और 'रत्न एवं आभूषण क्षेत्र में वैश्विक रुझानों' पर डी बीयर्स समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अल कुक के साथ चर्चा की थी। गिल्बर्ट से मुलाकात के बाद गोयल ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'भारत के वित्तीय प्रौद्योगिकी परिवेश में अपार अवसरों तथा नवाचार व विकास को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक कंपनियों के साथ साझेदारी के महत्व पर विचारों का आदान-प्रदान किया।'

## न्यूज अपडेट

### सोना 1,050 रुपये चढ़कर 99,450 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी 3,500 रुपये उछली

**नयी दिल्ली:** अक्षय तृतीया से पहले आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 1,050 रुपये बढ़कर 99,450 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाने वाला अक्षय तृतीया इस साल 30 अप्रैल को है। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,000 रुपये घटकर 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,100 रुपये उछलकर 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि पिछले दिन यह 97,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस साल अब तक सोने की कीमतों में पिछले साल 31 दिसंबर के 78,950 रुपये से 20,500 रुपये प्रति 10 ग्राम यानी 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा, चांदी की कीमतों में भी 3,500 रुपये की उछाल आई है, जो करीब तीन सप्ताह में सबसे ज्यादा है। यह मंगलवार को 1,02,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई। पिछले बाजार सत्र में चांदी का भाव 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था।

### रुपया 27 पैसे की तेजी के साथ 84.96 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई:** कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के लगातार निवेश के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 27 पैसे की तेजी के साथ 84.96 पर बंद हुआ। हालांकि, डॉलर में आये सुधार तथा भारत एवं पाकिस्तान के बीच तनाव ने रुपये की तेज बढ़त पर अंकुश लगाया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 85.06 पर खुला था। कारोबार के दौरान रुपया 84.96 प्रति डॉलर के ऊपरी और 85.40 प्रति डॉलर के निचले स्तर के बीच रहा।

### कोका-कोला की भारत में बिक्री दहाई अंक में बढ़ी, थम्स अप ने बाजी मारी

**नयी दिल्ली:** शीतल पेय कारोबार की दिग्गज कंपनी कोका-कोला ने मार्च तिमाही में भारतीय बाजार में बिक्री में दहाई अंकों में वृद्धि दर्ज की है। इसके पीछे घरेलू ब्रांड थम्स अप और ट्रेडमार्क कोका-कोला की मजबूत मांग की बड़ी भूमिका रही है। अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी के नवीनतम आय विवरण के मुताबिक, भारत, चीन और ब्राजील जैसे बाजारों ने वैश्विक स्तर पर कोका-कोला कंपनी की बिक्री वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कोका-कोला कंपनी के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी जेम्स क्विंसी ने भारत को वैश्विक और स्थानीय ब्रांडों की मजबूत वृद्धि वाला बाजार बताया। क्विंसी ने कहा, भारत में हमारे वैश्विक और स्थानीय ब्रांडों की बिक्री वृद्धि मजबूत रही है। कंपनी ने अपने विवरण में प्रयागराज में जनवरी-फरवरी में आयोजित महाकुंभ मेले का भी विशेष उल्लेख किया है। महाकुंभ के दौरान कोका-कोला के विभिन्न ब्रांडों की 18 करोड़ से अधिक 'सर्विंग' का उपभोग किया गया।

# शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने की दिशा में काम कर रही सरकार: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि देश के भविष्य के लिए युवाओं को तैयार करने में शिक्षा प्रणाली एक अहम भूमिका निभाती है और सरकार इसे आधुनिक बनाने की दिशा में काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां भारत मंडपम में 'युग्म' नवाचार सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विचार (आइडिया) की 'प्रोटोटाइप' से 'प्रोडक्ट' तक की यात्रा कम से कम समय में पूरी होना जरूरी है। एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग, एडवांस्ड एनालिटिक्स, अंतरिक्ष तकनीक, स्वास्थ्य तकनीक और सिंथेटिक जीव विज्ञान को लगातार बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए मोदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता




(एआई) के विकास और अपनाने में भारत की अग्रणी स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ''किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर निर्भर होता है, इसलिए यह जरूरी है कि हम अपने युवाओं के भविष्य के लिए और उन्हें भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करें।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि इसमें बड़ी भूमिका देश की शिक्षा प्रणाली की भी होती है, इसलिए हम देश की शिक्षा प्रणाली को 21वीं सदी की जरूरतों के मुताबिक आधुनिक बना रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हमने विकसित भारत के लक्ष्य के लिए अगले 25 वर्षों की समयसीमा तय की है। हमारे पास समय सीमित है, लक्ष्य बड़े हैं। इसलिए जरुरी है कि हमारे विचार (आइडिया) की 'प्रोटोटाइप' से 'प्रोडक्ट' तक की यात्रा भी कम से कम समय में पूरी हो।'' मोदी ने कहा कि प्रयोगशाला से बाजार की दूरी कम करके अनुसंधान के परिणाम लोगों तक तेजी से पहुंचते हैं और अनुसंधानकर्ताओं को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने कहा, ''इससे अनुसंधान, नवाचार और मूल्य संवर्धन के चक्र में तेजी आती है।'' प्रधानमंत्री ने एक मजबूत अनुसंधान तंत्र की जरूरत बताई और शिक्षण संस्थानों, निवेशकों एवं उद्योग से अनुसंधानकर्ताओं का समर्थन करने को कहा। विश्व के सबसे लंबे 'हाइ-परलूप' परीक्षण ट्रैक, भारतीय रेलवे के सहयोग से आईआईटी मद्रास में विकसित 422 मीटर लंबे 'हाइप-रलूप' के चालू होने जैसे मील के पत्थरों का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने नैनो-स्केल पर प्रकाश को नियंत्रित करने के लिए आईआईएससी बेंगलोर के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित नैनो प्रौद्योगिकी और आणविक फिल्म में 16,000 से अधिक चालन अवस्थ-ाओं में डेटा को संग्रहीत और संसाधित करने में सक्षम 'ब्रेन ऑन ए चिप' प्रौद्योगिकी जैसी अभूतपूर्व उपलब्धियों की सराहना की।

## असंगत फैसलों से जनता का विश्वास डगमगाता है : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि अलग-अलग पीठ के असंगत निर्णयों से जनता का विश्वास डगमगाता है और फैसलों में एकरूपता जिम्मेदार न्यायपालिका की पहचान है। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने वैवाहिक विवाद से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की, जिसमें कर्नाटक उच्च न्यायालय की दो अलग-अलग एकल पीठ ने विरोधाभासी फैसले सुनाए थे। शीर्ष अदालत ने कहा, यह मामला एक परेशान करने वाली तस्वीर पेश करता है। एक न्यायाधीश ने जहां ससुराल वालों के खिलाफ कार्यवाही रद्द करने से इनकार कर दिया और कहा कि घाव प्रमाण पत्र से पता चलता है कि याचिकाकर्ता पर हमला किया गया था और उसे साधारण चोटें आई थीं।

## भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 29 मई को आईएसएस के लिए रवाना होंगे

**नयी दिल्ली :** 'एक्सिओम स्पेस' 29 मई को अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित केनेडी अंतरिक्ष केंद्र से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए अपना चौथा मिशन 'एएक्स-4' रवाना करेगा, जिसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भी शामिल होंगे। 'एक्सिओम स्पेस' ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। राकेश शर्मा के बाद शुक्ला अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय होंगे। राकेश शर्मा ने लगभग चार दशक पहले तत्कालीन सोविय संघ के सोयूज अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष की उड़ान भरी थी। 'एएक्स-4' के चालक दल में शुक्ला के अलावा पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री भी शामिल होंगे। यह 40 साल से अधिक समय में सरकार प्रायोजित दूसरा मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन है और इसके तहत भारत, पोलैंड और हंगरी का कोई अंतरिक्ष यात्री पहली बार आईएसएस



में कदम रखेगा। 'एएक्स-4' के चालक दल में शामिल यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के स्ल-ावोज उज्नान्स्की 1978 के बाद अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले पोलैंड के दूसरे अंतरिक्ष यात्री होंगे। वहीं, तिबोर कापु 1980 के दशक के बाद अंतरिक्ष में कदम रखने वाले हंगरी के दूसरे अंतरिक्ष होंगे। अमेरिका की पेगी व्हिटसन 'एएक्स-4' के रूप में अपने दूसरे वाणिज्यिक मानव अंतरिक्ष मिशन का नेतृत्व करेंगी। इससे उनके नाम दर्ज अंतरिक्ष में सबसे लंबे समय तक रहने वाली अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री का रिकॉर्ड और मजबूत हो जाएगा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### त्रिपुरा में तीन अवैध बांग्लादेशी प्रवासी पकड़े गये

**अगरतला :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मंगलवार को त्रिपुरा के खोवाई जिले में स्थित तेलियामुरा रेलवे स्टेशन से अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वाले तीन बांग्लादेशी नागरिकों और दो संदिग्ध मानव तस्करों को गिरफ्तार किया। बीएसएफ के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बीएसएफ जवानों ने उन्हें उस समय पकड़ा, जब वे अगरतला-सिलचर ट्रेन में सवार होने की कोशिश कर रहे थे। अधिकारी ने बताया, गिरफ्तार किए गए तीनों बांग्लादेशी नागरिक सिलहट जिले के लकरगांव के निवासी हैं, जबकि दो भारतीय नागरिक त्रिपुरा के खोवाई और असम के सिलचर के रहने वाले हैं। उन्होंने कहा कि सभी आरोपियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस के हवाले किया जाएगा। इस बीच, पुलिस ने बताया कि सोमवार को त्रिपुरा के सिपाहीजला जिले के धनपुर इलाके से मानव तस्करी के कई मामलों में वांछित 36 वर्षीय व्यक्ति को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान जाकिर अली के रूप में हुई है।

### साझेदारी मजबूत करने को उत्सुक हूं : मोदी ने कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी की चुनावी जीत पर कहा

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कनाडा के संघीय चुनाव में वहां के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी की जीत पर उन्हें बधाई दी और कहा कि वह द्विपक्षीय संबंधों के मजबूत होने तथा दोनों देशों के लोगों के लिए व्यापक अवसर सृजित होने की उम्मीद कर रहे हैं। कार्नी एक अर्थशास्त्री हैं और राजनीति में नये हैं लेकिन उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्क लगाने की घोषणा की पृष्ठभूमि में हुए चुनावों में लिबरल पार्टी को उल्लेखनीय जीत दिलाई। यह 2015 के बाद से लिबरल पार्टी की चौथी जीत है, हालांकि जनमत सर्वेक्षणों की तुलना में कंजर्वेटिव पार्टी के साथ इसकी कांटे की टक्कर हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने बधाई संदेश में कहा कि भारत और कनाडा साझा लोकतांत्रिक मूल्य, कानून के शासन के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता और दोनों देशों के लोगों के बीच जीवंत संबंध रखते हैं।

### असम में पुलिस से मुठभेड़ में एनएससीएन के तीन उग्रवादी ढेर, हथियार और गोला-बारूद बरामद

गुवाहाटी : असम के दीमा हसाओ जिले में मंगलवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में एनएस-सीएन के कम से कम तीन संदिग्ध उग्रवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से हथियार और गोला-बारूद का जखीरा भी बरामद किया गया। असम पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि नगालैंड से आए एनएससीएन उग्रवादियों की हाफलोंग थाना क्षेत्र में एन कुबिन और हेराकिलो के बीच एक जगह पर पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, उग्रवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर असम पुलिस और केंद्रीय बलों की संयुक्त टीम ने इलाके में अभियान चलाया।

## एनआईए ने पहलगाम हमले में बचे कटक के परिवार का बयान दर्ज किया

**कटक (ओडिशा) :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पहलगाम हमले में बचे कटक के एक परिवार के मंगलवार को बयान दर्ज किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एनआईए की तीन सदस्यीय टीम ने रंजीत भोल (69) के परिवार से मुलाकात की, जो 22 अप्रैल को हमले के समय पत्नी शशि कुमारी नायक (65), छोटे बेटे संदीप (35) और बहू लेलिना शुभदर्शिनी (33) के साथ पहलगाम के बैसरन में थे। जांचकर्ता तुलसीपुर के देउली साही में स्थित उनके आवास पर दो घंटे रहे। एनआईए ने हमले में मारे गए 26 लोगों में से एक प्रशांत सत्पथी की पत्नी प्रिया दर्शनी आचार्य का 26 अप्रैल को बयान दर्ज किया था। भोल परिवार ने रविवार को कई समाचार चैनलों को बताया था कि उन्होंने आतंकवादियों को तीन पर्यटकों की हत्या करते देखा था। अपने बेटे की शादी की तीसरी सालगिरह मनाने कश्मीर गईं शशि कुमारी ने कहा, उन्होंने मुझसे 5 -10 फुट की दूरी पर तीन लोगों की हत्या कर दी। गोलियों से बचने के लिए भागने की कोशिश करते समय उनके बाएं हाथ और दाहिने पैर में 'फ्रैक्चर' हो गया। उन्होंने कहा, भगवान जगन्नाथ और साईं बाबा ने मुझे और मेरे परिवार को बचा लिया। शशि के बेटे संदीप ने दावा किया कि उन्हें आतंकवादियों के सामने घुटने टेकने पड़े और खुद को बचाने के लिए कलमा पढ़ना पड़ा। उन्होंने कहा, हालांकि, मैं पूरे समय भगवान हनुमान के बारे में सोच रहा था। हालांकि मैं भगवान हनुमान की तस्वीर वाला लॉकेट पहनता था, लेकिन उस दिन मैं इसे भूल गया था।

## जालंधर-जम्मू मार्ग पर पटरी पर मिले पत्थर एवं लोहे के टुकड़े, जांच की गयी शुरू

**होशियारपुर (पंजाब) :** पंजाब में टांडा उड़मुड़ रेलवे स्टेशन के समीप तोड़फोड़ के एक संदिग्ध मामले में पिछली रात जम्मू जाने वाली हेमकुण्ट एक्सप्रेस के पहुंचने के पहले पटरी के मार्ग परिवर्तन हिस्से (मूवेबल रेल) पर पत्थर एवं लोह का तीन इंच का टुकड़ा नजर आने के बाद इस ट्रेन को रोक दिया गया । अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राजकीय रेलवे पुलिस के जालंधर थाना प्रभारी (एसएचओ) निरीक्षक अशोक कुमार के अनुसार, हरिद्वार से जम्मू जा रही ट्रेन को जालंधर-जम्मू रेल मार्ग पर इस स्टेशन के बाहर चंडीगढ़ कॉलोनी के पास रात करीब डेढ़ बजे रोक दिया गया क्योंकि रेलवे कर्मचारियों ने देखा कि 'ट्रैक प्वाइंट' नहीं बदले गए हैं। यह स्थिति 'स्प्लिट स्विच टर्नआउट सिस्टम' नामक व्यवस्था से संबंधित है, जहां 'मूवेबल रेल' (जिन्हें रेलवे के बोलचाल में 'टंग' कहा जाता है) ट्रेनों को एक ट्रैक से दूसरे ट्रैक पर ले जाती है। टांडा उड़मुड़ रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर ने तुरंत एक संबंधित रेलवे कर्मी को इस समस्या का निरीक्षण करने के लिए भेजा। उसने पाया कि 'मूवेबल रेल' में पत्थर एवं तीन इंच का लोहे का टुकड़ा जानबूझकर डाल दिया गया ताकि रेल ट्रैक में वांछित बदलाव कार्य ठीक ढंग से न हो। इस रेलवे कर्मी ने करीब 10 मिनट में पत्थर एवं लोहे को टुकड़े को हटाया, जिससे हेमकुंट एक्सप्रेस को सिर्फ 15 मिनट की देरी से आगे के सफर की अनुमति मिल गई। अधिकारियों को गड़बड़ी का संदेह है। उन्होंने इसे व्यवधान पैदा करने के लिए जानबूझकर किया गया प्रयास बताया।

## बांग्लादेशियों की गिरफ्तारी के बाद अहमदाबाद में अवैध बस्तियों को ध्वस्त करने का अभियान शुरू

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद में नगर निगम अधिकारियों और पुलिस ने मंगलवार को चंदोला झील क्षेत्र में एक बड़ा ध्वस्तीकरण अभियान शुरू किया। कुछ दिन पहले ही झील के आसपास बसी बस्तियों से अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिया गया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस आयुक्त जी एस मलिक ने बताया कि अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) द्वारा ध्वस्तीकरण अभियान चलाया जा रहा है, तथा कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) शरद सिंघल के नेतृत्व में करीब 2,000 पुलिसकर्मियों को मौके पर तैनात किया गया है। इस अभियान का जायजा लेने झील पर पहुंचे मलिक ने संवाददाताओं को बताया कि मुस्लिम बहुल क्षेत्र चंदोला झील में तोड़फोड़ अभियान के मद्देनजर किसी भी स्थिति से निपटने के लिए शहर के सभी थानों को 'अलर्ट' पर रखा गया है। सिंघल ने बताया कि एएमसी ने तड़के 50 टीम के साथ अभियान शुरू किया, जिनमें से प्रत्येक के पास एक बुलडोजर था। उन्होंने कहा, '' चंदोला झील पर आखिरी बार ध्वस्तीकरण अभियान 2009 में चलाया गया था।

## अफजल गुरु की तारीफ करने वाले दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी रद्द करने से न्यायालय का इनकार

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु तौहीद जमात के दो सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी रद्द करने से इनकार कर दिया है। दोनों पर संसद हमले के दोषी अफजल गुरु की प्रशंसा करने, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कपड़ों के बारे में टिप्पणी करने और शीर्ष अदालत तथा उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने 22 अप्रैल को अपने फैसले में तौहीद जमात के दो सदस्यों के खिलाफ कर्नाटक और तमिलनाडु में दर्ज तीन प्राथमिकियों को एक साथ जोड़ दिया और कहा कि रहमतुल्ला और जमाल मोहम्मद ने 17 मार्च, 2022 को मदुरै में एक विरोध रैली में ''बेहद आपत्तिजनक'' नफरत भरे भाषण दिए। पीठ ने कहा, ''याचिकाकर्ताओं द्वारा अपने भाषणों में इस्तेमाल की गई भाषा बेहद आपत्तिजनक है और निश्चित रूप से कथित अपराधों के आवश्यक विवरण का खुलासा करती है। इसलिए, इस न्यायालय के लिए प्राथमिकियों को रद्द करने के संबंध में भारत के संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत रिट अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करने की कोई गुंजाइश नहीं है।''

## सीआरपीएफ जवान की पत्नी पाकिस्तान वापस भेजे जाने के लिए जम्मू से वाघा रवाना

**जम्मू :** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की पाकिस्तानी पत्नी को वापस पाकिस्तान भेजने के लिए जम्मू से वाघा सीमा के लिए रवाना कर दिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, मीनल खान अपने पति और कश्मीर के घरोटा निवासी सीआरपीएफ जवान मुनीर खान के साथ जम्मू से पंजाब स्थित वाघा सीमा के लिए रवाना हुई। उन्होंने बताया कि मीनल और मुनीर की दोस्ती सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी और बाद में दोनों ने एक-दूसरे से शादी रचा ली थी। वाघा सीमा के लिए रवाना होते समय मीनल ने भारत सरकार से देश में ब्याहे पाकिस्तानी नागरिकों को उनके बच्चों से जुदा न करने की अपील की। मीनल ने कहा, हमें अपने परिवार के साथ रहने की इजाजत दी जानी चाहिए। उसने यह भी कहा, हम (पहलगाम) हमले में निर्दोष लोगों की बर्बर हत्या की निंदा करते हैं। उन्हें (हमलावरों को) कड़ी सजा मिलनी चाहिए। भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में लोकप्रिय पर्यटन स्थल बैसरन में हुए आतंकवादी हमले के बाद कुछ विशिष्ट श्रेणियों को छोड़कर, पाकिस्तानी नागरिकों को जारी सभी वीजा को रद्द कर दिया था।

## गुजरात उच्च न्यायालय ने झील के निकट 'अतिक्रमण' हटाने पर रोक लगाने से इनकार किया

**अहमदाबाद :** गुजरात उच्च न्यायालय ने अहमदाबाद के चंदोला झील क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चलाए जा रहे मकान ढहाने के अभियान पर रोक लगाने से मंगलवार को इनकार कर दिया। क्षेत्र में अवैध बांग्लादेशी नागरिक होने के संदेह में बड़ी संख्या में लोगों को हिरासत में लिया गया था। चंदोला झील के 18 निवासियों के एक समूह ने राज्य सरकार द्वारा बिना किसी नोटिस के अतिक्रमण हटाने के अभियान को अनुचित, अवैध व मनमाना बताते हुए चुनौती दी थी। अहमदाबाद में नगर निगम अधिकारियों और पुलिस ने मंगलवार को अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया। याचिकाकर्ताओं के वकील आनंद याज्ञनिक ने बताया कि न्यायमूर्ति मौना भट्ट ने यह देखते हुए ध्वस्तीकरण अभियान पर रोक लगाने से इनकार कर दिया कि याचिकाकर्ताओं के आवास जल निकाय के किनारे पर हैं और भूमि राजस्व संहिता की धारा 37 के अनुसार, ऐसी संरचनाओं को सरकार गिरा सकती है। अदालत ने कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता अवैध अतिक्रमणकारी हैं, इसलिए उन्हें ध्वस्तीकरण से राहत नहीं दी जा सकती। साथ ही, अदालत ने कहा कि यदि कोई याचिकाकर्ता सरकार की 2010 और 2013 की पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीतियों के अंतर्गत आता है, तो वे अहमदाबाद नगर निगम को विचार के लिए एक अभ्यावेदन दे सकते हैं। चंदोला झील के निवासियों ने इस आधार पर अवैध ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी कि उन्हें बेदखली और ध्वस्तीकरण के लिए कोई नोटिस जारी नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि वे पिछले छह दशकों से इस क्षेत्र में रह रहे हैं, तथा 1970 के दशक में उत्तर प्रदेश, बिहार व पश्चिम बंगाल से अहमदाबाद आकर बसे थे। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि उनके पास राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड जैसे सभी आवश्यक दस्तावेज हैं तथा बांग्लादेशी नागरिक होने के संदेह में उनके परिवार के सदस्यों को हिरासत में लेना अवैध है।

## देश की सुरक्षा, संप्रभुता से जुड़ी रिपोर्ट का खुलासा नहीं किया जाएगाः न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट का खुलासा नहीं करेगा लेकिन उसने संकेत दिया कि निजता के उल्लंघन की व्यक्तिगत आशंकाओं से निपटा जाना चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि तकनीकी समिति की रिपोर्ट को सड़कों पर चर्चा का दस्तावेज नहीं बनाया जाना चाहिए। पीठ ने कहा, ''देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट को नहीं छुआ जाएगा लेकिन जो व्यक्ति यह जानना चाहते हैं कि उन्हें इसमें शामिल किया गया है या नहीं, उन्हें सूचित किया जा सकता है। हां, व्यक्तिगत आशंकाओं से निपटा जाना चाहिए लेकिन इसे सड़कों पर चर्चा का दस्तावेज नहीं बनाया जा सकता।'' शीर्ष अदालत ने कहा कि उसे इस बात की भी समीक्षा करनी होगी कि तकनीकी पैनल की रिपोर्ट को व्यक्तियों के साथ किस हद तक साझा किया जा सकता है।

## प्लास्टिक में मौजूद फैथेलेट्स के कारण 2018 में हृदय रोग से विश्व में 3.5 लाख मौतें हुईं: अध्ययन

**नयी दिल्ली :** घरेलू उपयोग में लाई जाने वाली प्लास्टिक की वस्तुओं को बनाने में आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले फैथेलेट्स के नुकसानदेह प्रभाव कारण वर्ष 2018 में दुनिया भर में हृदय रोग से 3.5 लाख से अधिक मौतें हुईं, जिनमें 55 से 64 वर्ष आयु वर्ग के लोगों की संख्या सबसे अधिक थी। एक अध्ययन में यह दावा किया गया है। 'ईबायोमेडिसिन' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में पाया गया कि सबसे अधिक भारत में 1,03,587 मौतें हुईं, जिसके बाद चीन और इंडोनेशिया का स्थान है। अध्ययन में यह भी पाया गया कि 3.5 लाख मौतों में से लगभग तीन चौथाई दक्षिण एशिया, पश्चिम एशिया, पूर्वी एशिया और प्रशांत महासागर क्षेत्र में हुईं। न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के शोधार्थियों के नेतृत्व में, 200 देशों और क्षेत्रों में फैथेलेट्स के दुष्प्रभावों का अनुमान लगाने के लिए जनसंख्या सर्वेक्षणों से स्वास्थ्य और पर्यावरण संबंधी डेटा का विश्लेषण किया गया। अध्ययन में 'डाइ-2-एथिलहेक्सिल फैथेलेट' (डीईएचपी) के प्रकार पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसका उपयोग खाद्य पदार्थों के कंटेनर जैसी वस्तुओं में प्लास्टिक को नरम और अधिक लचीला बनाने के लिए किया जाता है। मूत्र के नमूनों सहित डेटा का विश्लेषण करके फैथेलेट्स के रासायनिक विघटन के कारण बनने वाले उत्पादों की मात्रा का पता लगाया गया। न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मेडिसिन की एसोसिएट अनुसंधान वैज्ञानिक और अध्ययन की मुख्य लेखिका सारा हाइमन ने कहा, ''फैथेलेट्स और दुनिया भर में हुई मौतों के एक प्रमुख कारण के बीच संबंध को उजागर कर, हमारे निष्कर्ष ये संकेत देते हैं कि ये रसायन मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत बड़ा खतरा पैदा कर रहे हैं।'' अध्ययन के अनुसार, ''2018 में, दुनिया भर में 3,56,238 मौतें डीईएचपी के दुष्प्रभावों के के कारण हुईं, जो 55 से 64 वर्ष आयु वर्ग के व्यक्तियों में सभी हृदय संबंधी मौतों का 13.49 प्रतिशत है।''

## उत्तराखंड: आज से शुरू होगी चारधाम यात्रा, तैयारियां पूरी

**देहरादून :** उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिरों के कपाट छह माह बंद रहने के बाद अक्षय तृतीया के पर्व पर बुधवार को फिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिरों के कपाट खुलने के साथ ही इस वर्ष की चारधाम यात्रा की शुरुआत हो जाएगी हालांकि केदारनाथ और बदरीनाथ के कपाट क्रमशः दो मई और चार मई को खोले जाएंगे। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था से लेकर अन्य सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। अधिकारियों ने बताया कि चारधाम




यात्रा के लिए श्रद्धालुओं में अपार उत्साह नजर आ रहा है और अब तक देश-विदेश के 22 लाख से अधिक श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। उत्तरकाशी जिले में देवी गंगा की मूर्ति को मंगलवार दोपहर 12 बजे उनके शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा गांव से गंगोत्री धाम के लिए डोली में रवाना किया गया। पारंपरिक वाद्य यंत्रों ढोल दमाउ, सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों और मां गंगा के जयकारों के बीच स्थानीय ग्रामीणों ने देवी की मूर्ति को बेटी की तरह नम आंखों के साथ गंगोत्री के लिए विदा किया। तीर्थ पुरोहित राजेश सेमवाल ने बताया कि भैरव घाटी स्थित भैरव मंदिर में रात्रि विश्राम करने के बाद बुधवा सुबह डोली गंगोत्री धाम पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि पूर्वह्न साढ़े 10 बजे मंदिर के कपाट खोले जाएंगे, जहां अगले छह माह तक श्रद्धालु देवी गंगा के दर्शन कर सकेंगे।

## प्रधानमंत्री की 'गायब' वाली तस्वीर को लेकर भाजपा का कांग्रेस पर तीखा हमला

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस की एक पोस्ट पर मंगलवार को उसे आड़े हाथ लिया है जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संकट के समय 'गायब' नेता के रूप में दर्शाने की कोशिश की गई है। कांग्रेस की ओर से सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी का नाम लिए बिना उनकी किसी पुरानी तस्वीर को दिखाया गया है जिसमें केवल परिधान दिखाई दे रहे हैं और उनका शरीर दिखाई नहीं दे रहा है। कांग्रेस ने 'एक्स' पर जारी इस तस्वीर में ऊपर 'गायब' लिखा है। पार्टी ने इसके लिए कैप्शन दिया है, ''जिम्मेदारी के समय गायब''। कड़ी




प्रतिक्रिया जताए जाने पर बाद में कांग्रेस ने इस पोस्ट को हटा दिया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने दावा किया कि कांग्रेस की यह पोस्ट पाकिस्तान को यह संदेश देने के लिए लगाई गई कि विपक्षी पार्टी इस समय उनके साथ है। भाटिया ने कांग्रेस को 'लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस' करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 'एक्स' पर यह तस्वीर पार्टी नेता राहुल गांधी के कहने पर पोस्ट की। भाटिया ने भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''मंशा कुछ भी हो, लेकिन यह कांग्रेस की ओर से की गई सीधी-सादी पोस्ट नहीं है। यह भारत की अखंडता को कमजोर करने की कुत्सित सोच है।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बहादुर सेना ने भारत को बुरी नजर से देखने वाली ताकतों को तबाह करने का संकल्प लिया है, वहीं दूसरी तरफ आतंकी ताकत, राक्षसी ताकत....पाकिस्तान की सोच और कांग्रेस की सोच है।'' भाटिया ने कहा, ''वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधने की कोशिश कर रहे हैं और पाकिस्तान को यह संदेश दे रहे हैं कि कायरता-पूर्ण (पहलगाम) आतंकी हमले में कांग्रेस पाकिस्तान के साथ खड़ी है और अपने देश भारत या इंडिया के साथ नहीं।''

## आरेडिका में राहुल गाँधी का दौरा

**रायबरेली :** नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद रायबरेली राहुल गाँधी तथा सांसद अमेठी किशोरी लाल शर्मा ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली का दौरा किया। गाँधी ने आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ फैक्ट्री परिसर का दौरा किया। दौरे के दौरान आरेडिका प्रशासन के द्वारा फैक्ट्री में उत्पादित होने वाले व्हीलों तथा विभिन्न कोचों जैसे स्लीपर, एसी3 इकोनॉमिक, एसी पेन्ट्रीकार, नॉन एसी चेयरकार, तेजस, राजधानी, वन्देभारत शेल प्रोटोटाइप आदि के निर्माण के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। गांधी ने कारखाने में कोच उत्पादन की प्रक्रिया को देखा एवं कोचों की गुणवत्ता को देख कर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने आमजन के उपयोग में होने वाले सामान्य कोच (दीन दयालु कोच) तथा स्लीपर कोच को



देखा और कोच के अंदर आमजन की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए किये गये सुधारों जैसे सीट एंड बर्थ, स्लाइडिंग विंडो डोर, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, कुशन युक्त लगेज रैक जो आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सीट के रूप में यात्रा के लिए भी उपयोग हो सके, एफआरपी पैनल, माड्यूलर टॉयलेट आदि का देखा। इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर विवेक खरे, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य इंजीनियर सत्य प्रकाश यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अतुल प्रियदर्शी, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सर्तकता अधिकारी अकमल वदूद, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी आभा जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राणा के पांच विकेट और प्रतिका के अर्धशतक से भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 15 रन से हराया





**कोलंबो :** प्रतिका रावल की अर्धशतकीय पारी के बाद स्पिनर स्नेह राणा ने एक ही ओवर में तीन विकेट चटकाकर महिला वनडे में पहली बार पांच विकेट लेने का का कारनामा किया जिससे भारत ने महिला त्रिकोणीय श्रृंखला में मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका पर 15 रन की रोमांचक जीत दर्ज की। प्रतिका ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 91 गेंदों पर 78 रन की पारी खेली जिससे भारत ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के पहले बल्लेबाजी करने के फैसले के बाद छह विकेट पर 276 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' राणा ने इसके बाद पांच विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम ताजमिन ब्रिट्स के 109 रन के बावजूद 49.2 ओवर में 261 रन पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका ने अपने आखिरी पांच विकेट 21 रन पर गंवा दिए जिससे भारत ने टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। राणा ने 10 ओवर में 43 रन देकर पांच विकेट लिये। उन्होंने इस दौरान पारी के 48वें ओवर में तीन रन देकर तीन विकेट चटकाते हुए मैच का रूख भारत की ओर मोड़ दिया। दक्षिण अफ्रीका ने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा आक्रामक तरीके से करते हुए भारत को शुरुआत में ही बैकफुट पर धकेल दिया। ब्रिट्स मौसम की मुश्किल परिस्थितियों में ऐंठन का सामना करने के कारण 105 गेंद पर 108 रन बनाकर रिटायर हर्ट हो गयी। उन्होंने कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट (43) के साथ पहले विकेट के लिए 140 रनों साझेदारी कर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया था। जब ऐसा लग रहा था कि दक्षिण अफ्रीका की टीम आसानी से इस मैच को जीत जायेगी तब भारतीय स्पिनरों ने अपनी फिरकी में बल्लेबाजों को फंसाना शुरू किया। दीप्ति शर्मा (40 रन पर एक विकेट) ने वोल्वार्ड्ट को पगबाधा कर मैच के 28वें ओवर में भारत को पहली सफलता दिलायी। इसके तुरंत बाद राणा ने लॉरा गुडोल (नौ) को चलता किया। ब्रिट्स ने इस दौरान लगातार दो चौके के साथ वनडे करियर का तीसरा शतक पूरा किया। वह हालांकि उमस वाले मौसम में ऐंठन के कारण बल्लेबाजी जारी नहीं रख सकी और उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी (59 रन पर एक विकेट) ने पदार्पण कर रही विकेटकीपर काराबो मेसो (सात) को पवेलियन की राह दिखाने में ज्यादा समय नहीं लिया। युवा वामहस्त स्पिनर श्री चारणी (51 रन पर एक विकेट) ने अनुभवी सुने लुस (28) को चलता कर भारतीय खेमे में आत्मविश्वास भर दिया। जरूरी रन गति के नौ के करीब पहुंचने के बाद क्लो ट्रायोन (18) और एनेरी डर्कसेन (30) ने तेजी रन बनाते हुए गेंदबाजों को परेशान करना शुरू किया था कि राणा ने दोनों का विकेट झटकने के बाद नाडिने डिक्लर्क (शून्य) और फिर से बल्लेबाजी के लिए आयी ब्रिट्स को आउट कर यादगार पांच विकेट पूरे किए। इससे पहले प्रतिका ने 91 गेंदों पर 78 रन की पारी खेली जबकि स्मृति मंधाना (36), जेमिमा रोड्रिग्स (41), कप्तान हरमनप्रीत कौर (नाबाद 41), हरलीन देओल (29) और ऋचा घोष (24) ने भी उपयोगी योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए नॉनकुलुलेको म्लाबा (55 रन पर दो विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रही।

## नारायण और चक्रवर्ती ने नाइट राइडर्स को दिल्ली पर 14 रन की जीत दिलाई



**नयी दिल्ली :** सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती की घातक गेंदबाजी के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने दिल्ली कैपिटल्स को 14 रन से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गत विजेता केकेआर ने अंगकृष रघुवंशी की 44 रनों की शानदार पारी की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 204 रन बनाए। जवाब में दिल्ली निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर 190 रन बना पाई और मुकाबला हार गई। केकेआर के लिए नरेन ने तीन और वरुण ने दो विकेट लिए जबकि अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा और आंद्रे रसेल ने एक-एक विकेट हासिल किया। दिल्ली ने इस सत्र में कुल चार मुकाबले अपने घर में खेले हैं। इनमें उन्होंने तीन मैच गंवाए जबकि एक में उन्हें सुपरओवर में जीत मिली है। वहीं, घर से बाहर अक्षर पटेल की टीम ने छह में से पांच मुकाबले जीते जबकि एक में उन्हें मात मिली है। मंगलवार को इस जीत के साथ कोलकाता ने अपनी प्लेऑफ की आस बरकरार रखी है। उनके खाते में नौ अंक हो गए और उनका नेट रन रेट 0.271 हो गया है। वहीं, दिल्ली 12 अंक और 0.362 का नेट रन रेट लेकर चौथे स्थान पर है। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत झटके के साथ हुई थी। अनुकूल रॉय ने पहले ही ओवर में अभिषेक पोरेल को रसेल के हाथों कैच आउट कराया। वह सिर्फ चार रन बना सके। इसके बाद तीसरे और चौथे नंबर पर आए करुण नायर 15 और केएल राहुल सात रन बना पाए। चौथे विकेट के लिए फाफ डुप्लेसिस को कप्तान अक्षर पटेल का साथ मिला। दोनों के बीच 42 गेंदों में 76 रनों की साझेदारी हुई। नरेन ने अक्षर को अपना शिकार बनाया। वह चार चौके और तीन छक्के की मदद से 43 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, फाफ डुप्लेसिस ने 31 गेंदों में इस सत्र का अपना दूसरा पचासा पूरा किया। वह 45 गेंदों में 62 रन बनाकर पवेलियन लौटे। दिल्ली के लिए विप्रज निगम ने 38 रन बनाए। हालांकि, वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। उनके अलावा ट्रिस्टन स्टब्स ने एक रन, आशुतोष शर्मा ने सात रन और मिचेल स्टार्क खाता खोले बगैर आउट हो गए। वहीं, दुष्मंथा चमीरा और कुलदीप यादव क्रमशः दो और एक रन बनाकर नाबाद रहे।

## तेंदुलकर सहित क्रिकेट दिग्गजों ने की सूर्यवंशी की सराहना

### नीतीश ने सूर्यवंशी की सराहना करते हुए 10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र के शतक बनाने वाले 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी की सराहना करते हुए उन्हें उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मंगलवार को 10 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की।

**नयी दिल्ली :** मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर सहित क्रिकेट जगत की मशहूर हस्तियों ने 14 साल के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की सराहना करते हुए इस विलक्षण बालक को एक उभरता हुआ सितारा बताया। राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए सूर्यवंशी ने सोमवार की रात जयपुर में खेले गए आईपीएल मैच में गुजरात टाइटंस के राशिद खान को मिडविकेट पर छक्का लगाकर टी20 में सबसे कम उम्र का शतक बनाने वाला खिलाड़ी बनने के बाद क्रिकेट जगत को अपना दीवाना बना दिया। भारत की तरफ से 16 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले तेंदुलकर ने एक्स पर पोस्ट किया, 'वैभव का निडर दृष्टिकोण, बल्लेबाजी की गति, लेंथ का जल्दी अनुमान लगाना और अपनी पूरी शक्ति गेंद पर लगा देना उनकी शानदार पारी का नुस्खा था। इसका परिणाम यह था कि वह 38 गेंद पर 101 रन बनाने में सफल रहे। बहुत अच्छी पारी खेली।' सूर्यवंशी ने 35 गेंद में शतक जड़कर राजस्थान रॉयल्स के पूर्व बल्लेबाज यूसुफ पठान के किसी भारतीय के टी20 में सबसे तेज शतक के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। सूर्यवंशी का तब जन्म भी नहीं हुआ था जब 15 साल पहले पठान ने 37 गेंद में शतक लगाया था। पठान ने कहा, 'एक भारतीय का आईपीएल में सबसे तेज शतक का मेरा रिकॉर्ड तोड़ने के लिए युवा वैभव सूर्यवंशी को बहुत-बहुत बधाई! राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए इसे देखना और भी खास है, जैसा मैंने किया था।'



### बचपन के कोच ने कहा, अगले एक-दो साल में भारत की तरफ से खेलेगा वैभव सूर्यवंशी

**पटना :** वैभव सूर्यवंशी के बचपन के कोच मनीष ओझा को उम्मीद है कि उनका 14 वर्षीय शिष्य अगले एक या दो साल में भारत की टी20 टीम में जगह बना लेगा। सूर्यवंशी ने सोमवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ 38 गेंदों में 101 रन बनाकर 14 साल और 32 दिन की उम्र में आईपीएल के सबसे कम उम्र के शतकवीर बनने का रिकॉर्ड बनाया। ओझा ने पीटीआई वीडियो से कहा, 'एक कोच के रूप में यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। बिहार जैसे राज्य के लिए, जो खेलों में मजबूत नहीं है, यह सूरज की किरण की तरह है। उसने कई लोगों को प्रेरित किया होगा, उसने बिहार को भारत में क्रिकेट के मानचित्र पर ला दिया है।'

## न्यूज अपडेट

### भारतीय ओपन रिले प्रतियोगिता में चार गुणा 100 मीटर मिश्रित रिले को किया गया शामिल


**चंडीगढ :** इंडियन ओपन रिले प्रतियोगिता के दूसरे सत्र में बुधवार को यहां देश भर के 300 से अधिक शीर्ष धावक भाग लेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने सीनियर और जूनियर (अंडर-20) दोनों वर्गों के लिए चार गुणा100 मिश्रित स्पर्धा भी शुरू की है। विश्व एथलेटिक्स द्वारा इस वर्ष से प्रमुख प्रतियोगिताओं में चार गुणा 100 मीटर मिश्रित रिले स्पर्धा की शुरुआत के बाद, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के कार्यक्रम में मिश्रित चार गुणा 100 मीटर रिले को भी शामिल किया है। एएफआई की प्रविष्टियों के अनुसार सीनियर चार गुणा100 मीटर मिश्रित रिले स्पर्धा में पोडियम के लिए नौ टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। दक्षिण कोरिया में 27-31 मई को होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के साथ-साथ विश्व रिले (10-11 मई) के लिए चुने गए कुछ खिलाड़ी भी इस स्पर्धा में भाग ले रहे हैं। ओडिशा, पंजाब और तमिलनाडु सीनियर 4 गुणा 100 मीटर मिश्रित रिले स्पर्धा में मजबूत दावेदारों में शामिल हैं।

### सूर्यकुमार,अय्यर, रहाणे सहित आठ खिलाड़ी टी20 मुंबई लीग के आइकन खिलाड़ी बने

**मुंबई :** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर और अजिंक्य रहाणे सहित देश के लिए खेल चुके आठ खिलाड़ियों को अपनी बहुप्रतीक्षित टी20 मुंबई लीग 2025 के लिए मंगलवार को घोषित आइकन खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया है। टी20 मुंबई लीग की छह साल के अंतराल के बाद वापसी हो रही है। इसके तीसरे सत्र का आयोजन 26 मई से आठ जून तक वानखेड़े स्टेडियम में होगा। सूर्यकुमार, रहाणे और अय्यर के अलावा आइकन खिलाड़ियों में सरफराज खान, शारदुल ठाकुर, पृथ्वी साव, शिवम दुबे और तुषार देशपांडे शामिल हैं। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, 'हमें आठ ऐसे आइकन खिलाड़ियों की घोषणा करते हुए खुशी हो रही हैजिन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मंच पर मुंबई का गौरव बढ़ाया है। वे मुंबई क्रिकेट की भावना, विरासत और उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व करते हैं।' उन्होंने कहा, 'उनकी उपस्थिति न केवल उभरती प्रतिभाओं को प्रेरित और मार्गदर्शन करेगी, बल्कि उनके लिए सीखने का एक शानदार अवसर भी प्रदान करेगी।'

### सुदीरमन कप: इंडोनेशिया से 1-4 से हार कर बाहर हुआ भारत

**शियामेन :** लंबे समय से खराब लय में चल रहे एचएच प्रणय और ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने एक बार फिर निराश किया जिससे भारत मंगलवार को ग्रुप डी के मैच में इंडोनेशिया से 1-4 से हारने के बाद बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन संघ) सुदीरमन कप फाइनल से बाहर हो गया। भारत को इससे पहले रविवार को अपने शुरुआती मैच में डेनमार्क से 1-4 से हारने के बाद नॉकआउट चरण की दौड़ में बने रहने के लिए इस मुकाबले में जीत की जरूरत थी। इस हार ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत के आखिरी ग्रुप मैच को महत्वहीन बना दिया है। इंग्लैंड भी टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। अपने शुरुआती मैच में इंग्लैंड को 5-0 से हराने वाले इंडोनेशिया और डेनमार्क ने ग्रुप डी से नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की की। डेनमार्क ने भी मंगलवार को इंग्लैंड को 5-0 से शिकस्त दी। डेनमार्क के खिलाफ महिला और पुरुष एकल मैच में हार का सामना करने वाले क्रमशः सिंधू और प्रणय इंडोनेशिया के अपने प्रतिद्वंद्वियों की चुनौती से पार नहीं पा सके। भारत ने मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की जोड़ी के साथ विजयी शुरुआत की। इस जोड़ी ने एक घंटे और 10 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में रेहान नौफाल कुशारजंतो और ग्लोरिया इमानुएल विडजाला को 10-21, 21-18, 21-19 से हराया। टीम की बढ़त को बनाये रखने की जिम्मेदारी इसके बाद अनुभवी सिंधू पर थी लेकिन विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर खिसक गयी इस खिलाड़ी को मात्र 38 मिनट में 11वें नंबर की खिलाड़ी पुत्री कुसुमा वर्दानी से ने आसानी से 21-12, 21-13 से हराया। प्रणय के सामने जोनाथन क्रिस्टी की चुनौती थी।



19, SYNAGOGUE STREET, BRABOURNE ROAD, BURRA BAZAR, KOLKATA 700 001
CAR PARKING AVAILABLE
P : 033 2210 1585 / 4055 0000

वर्ष 10, पूर्णांक 4222 अंक 032, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in